कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 330, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 26 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

कोविड: तीन दर्जन जिलों में बढ़ रहा संक्रमण

नई दिल्ली: चीन समेत कई देशों में कोरोना की हाहाकर के बीच भारत पर भी महामारी का खतरा मंडराने लगा है। देश में कोरोना की औसत राष्ट्रीय दर अभी 0.21 फीदी पर है। इस बीच पता चला है कि देश के तीन दर्जन जिले ऐसे हैं, जहां यह एक फीसदी से अधिक है। वहीं, आठ जिलों में यह आंकड़ा पांच फीसदी से भी ज्यादा है। देश के राज्यों या प्रयोगशालाओं की ओर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पोर्टल पर 16-22 दिसंबर की अवधि में जो आंकड़े दर्ज किए गए हैं, उससे यह जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, देश के 684 जिलों के कोरोना आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में आठ जिलों में कोरोना की संक्रमण दर पांच फीसदी से अधिक है। इनमें अरुणाचल प्रदेश का लोहित (5.88), मेघालय का री भोई (9.09), राजस्थान का करौली (5.71) और गंगानगर (5.66), तमिलनाडु का डिंडिगुल (9.80) तथा उत्तराखंड का नैनीताल (5.66) शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में संक्रमण दर 14.29 फीसदी और उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 11.11 फीसदी दर्ज की गई।

इन जिलों की भी हालत चिंताजनक: आंकड़ों के मुताबिक, उत्तराखंड के उत्तरकाशी में संक्रमण दर 2.67 फीसदी, दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी जिले में 1.13 फीसदी और दक्षिण गोवा में 1.10 फीसदी है। केरल के आठ जिलों में संक्रमण दर एक फीसदी से अधिक है। इसमें पथानामथिट्टा (2.30), कोट्टयम (2.16), कोलम (1.97), एनार्कुलम (1.85), इडुकी (1.31),

कन्नौर (1.29), तिरुवनंतपुरम (1.15) और कोझिकोड (1.04) शामिल हैं।

राजस्थान: आठ जिलों में संक्रमण दर एक फीसदी से अधिक: राजस्थान के आठ जिलों में संक्रमण दर एक फीसदी से अधिक रही है। इसमें करौली (5.71), गंगानगर (5.66), नागौर (4.88), जयपुर (3.37), भारतपुर (1.85) चूरू (1.72), झुंझनू (1.59) और आमेर शामिल हैं। कर्नाटक के बेंगलुरू शहरी क्षेत्र में संक्रमण दर 1.98 फीसदी है।

हिमाचल समेत इन पांच राज्यों में यहां संक्रमण दर सबसे ज्यादा

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में 4.04 फीसदी, मंडी में 1.89 फीसदी और शिमला में कोरोना की संक्रमण दर 1.50 फीसदी दर्ज की गई है। जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा में 3.30 फीसदी, डोडा में 1.64 प्रतिशत और अनंतनाग में यह 2.33 फीसदी है। महाराष्ट्र के अकोला में 1.63 और पुणे में 1.15 फीसदी, पंजाब के श्री मुख्तर साहिब में 1.15 फीसदी और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में संक्रमण दर 2.48 फीसदी दर्ज की गई।

बॉक्स

24 घंटे में कोविड-19 के 227 नए मामले

रविवार सुबह के आंकड़ों के अनुसार, भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 227 नए मामले सामने आए हैं। इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 3,424 हो गई है। इस बीच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नयी दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा कि कुल मिलाकर कोरोना के मामलों में कोई अप्रत्याशित वृद्धि नहीं हुई है। भारत में लोगों को 'हाइब्रिड इम्युनिटी' का फायदा मिल रहा है। हालांकि, हमें सतर्क रहने एवं सुरक्षा उपायों का पालन करने की जरूरत है।

कोरोना को लेकर रहे सावधान: मोदी

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साल के अंतिम मन की बात कार्यक्रम में साल भर की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि देश ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे किए। 2022 ने नई रफ्तार पकड़ी, सभी देशवासियों ने एक से बढ़कर एक काम किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। देशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीसस क्राइस्ट की शिक्षाओं को याद करने का दिन है। चीन में कोरोना से हर दिन हजारों मौतें हो रही हैं। पीएम मोदी ने लोगों से महामारी से बचने के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मास्क और सैनिटाइजेशन का ज्यादा ध्यान रखना है। हम सावधान रहेंगे, तो सुरक्षित भी रहेंगे।

पीएम मोदी ने अटल को याद करते हुए एक किस्सा सुनाया: पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। उन्होंने कहा कि वे एक महान राजनेता थे, जिन्होंने देश को असाधारण नेतृत्व दिया। हर भारतवासी के हृदय में उनके लिए एक खास स्थान है। पीएम ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मुझे कोलकाता से आस्था नाम की लड़की का एक लेटर मिला। इसमें उन्होंने हाल की अपनी दिल्ली यात्रा का जिक्र किया है।

अलग-अलग संस्कृति के बावजूद हम सब एक: योगी

लखनऊ: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलग-अलग संस्कृति के बावजूद हम सब एक हैं। खानपान, वेशभूषा, भाषा, इन सबमें अनेकता है। लेकिन भाव और भंगिमा हम सबकी एक है। उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक हम सब एक हैं। यह एकता ही संगमम है। उन्होंने कहा कि हमारा इतिहास, हमारा गौरव और गौरव की अनुभूति किसी भी समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इसे निरंतरता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री रविवार को पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित संस्कृतियों का संगम खानपान कार्यक्रम के अवसर पर कहीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के अलग-अलग राज्यों के खानपान भले ही अलग-अलग हों, लेकिन इस खानपान के बाद जो स्वाद और ऊर्जा है वो एक जैसी होती है। मैं चाहूंगा कि संस्कृति विभाग और आवास विभाग अलग-अलग विकास प्राधिकरणों के साथ मिलकर एक व्यवस्था करे कि हर महानगर के अंदर एक गली ही खानपान की होनी चाहिए, जहां लोग जाकर विभिन्न समाजों से जुड़े हुए इस खानपान का आनंद भी ले सकें और परिवार के साथ जाकर देख भी सकें कि अगर उन्हें तमिलनाडु जाना है तो वहां खाने को क्या मिलेगा। पंजाब जाना है तो वहां क्या मिलेगा। केरल, उत्तराखंड जैसी जगहों पर जाएंगे तो क्या खाने को मिलेगा। ये सभी खानपान विशिष्ट हैं।

देश की सभी संस्कृतियां हमारी ताकत: कार्यक्रम के दौरान खानपान के संगमम को लेकर योगी ने कहा कि ऐसा प्रयास होना चाहिए कि कुछ विशिष्ट गलियां बनें जो खानपान के लिए ही चिन्हित हों और वो भी अलग-अलग परंपरा से जुड़े हुए। यहां तमिल का खानपान भी हो, मलयालम का भी हो, तेलुगू भी हो, राजस्थानी भी हो, पंजाबी भी हो, सिंधी भी हो, उत्तराखंडी भी हो और उत्तराखंडी में भी गढ़वाल का भी हो, कुमाऊं का भी हो, जौनसार का भी हो। ऐसे ही उत्तर प्रदेश में भोजपुरी का हो।

जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने से 'नॉन-परफॉर्मर' को मिलेगा गलत फायदा

नई दिल्ली: सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ाने से काम नहीं करने वाले न्यायाधीशों की सेवा के वर्षों का विस्तार हो सकता है और सरकारी कर्मचारियों द्वारा समान मांग उठाने पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। न्याय विभाग ने एक संसदीय पैनल से यह बात कही। न्याय विभाग ने यह भी कहा कि उच्च न्यायपालिका में नियुक्तियों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ-साथ न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने जुलाई में संसद को बताया था कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। विभाग ने कार्मिक, कानून और न्याय पर संसदीय पैनल के समक्ष प्रस्तुति दी। संसदीय पैनल की अध्यक्षता भाजपा सांसद और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी कर रहे थे।

विधि और न्याय मंत्रालय के विभाग ने प्रस्तुति दी। इसमें उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ाने की संभावना सहित न्यायिक प्रक्रियाओं और सुधारों का विवरण शामिल था। विभाग ने कहा, सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने से कम प्रदर्शन करने वाले न्यायाधीशों को जारी रखा जा सकता है।

11 राज्यों में शीतलहर, बढ़ेगी ठिठुरन

नई दिल्ली: दिल्ली समेत देश के उत्तरी हिस्सों में लगातार चौथे दिन सुबह घना कोहरा छाया रहा। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा से लेकर बिहार तक 11 राज्य शीतलहर की चपेट में हैं।

श्रीनगर में चिलईकलां का दौर जारी है, इसके चलते पारा -5 पहुंच गया है। वहीं दिल्ली में कोहरे के कारण विजिबिलिटी बेहद कम रही।

ठंड की वजह से बिहार में दो और लोगों की मौत हो गई है। भागलपुर में तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। शीतलहर को देखते हुए बिहार में स्कूल 31 दिसंबर तक बंद कर दिए गए हैं। उधर, हरियाणा में भी 5.8 डिग्री तक तापमान पहुंच गया है।

तिहाड़ में बंद सत्येंद्र जैन की सुविधाओं में कटौती

नई दिल्ली: मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की सुविधाएं घटा दी गई हैं। जैन के सेल से कुर्सी, टेबल और दरी भी हटा दी गई है। अब उनकी सेल में सिर्फ टीवी है। यह सजा उन्हें कुल 15 दिनों के लिए मिली है। इस दौरान वह किसी से मिल भी नहीं पाएंगे। उन पर जेल मैनुअल के उल्लंघन का आरोप लगा है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से गठित कमेटी की सिफारिशों के बाद यह फैसला लिया है। पिछले महीने यानी नवंबर में सत्येंद्र जैन की कुछ फुटेज सामने आई थीं, जिनमें उनको सेल में सुविधाएं लेते देखा गया था। फुटेज में कई कैदी सेल में उनकी मालिश करते दिखे थे।उनकी सेल में कुर्सी, टेबल और दरी भी नजर आई थी, जो जेल के नियम के खिलाफ है।

एलजी ने गठित की थी जांच कमेटी: शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से गठित हाई पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेल में बंद अन्य कैदियों को भी ये निर्देश दिए गए हैं कि जैन की मदद के लिए कोई उनकी सेल में नहीं जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जेल प्रमुख संदीप गोयल की जैन के साथ मिलीभगत थी। कमेटी ने मंत्री को सेल में वीआईपी ट्रीटमेंट देने के लिए गोयल के खिलाफ भी एक्शन लेने को कहा है।

कैदियों को काम करने के लिए मजबूर किया गया: रिपोर्ट के मुताबिक कमेटी ने जैन की फुटेज सामने आने के बाद सेल का निरीक्षण किया था।

मौत से 15 दिन पहले शीजान ने किया था ब्रेकअप, लव-जिहाद का एंगल नहीं

तुनिषा सुसाइड: शीजान खान 4 दिन की रिमांड पर

मुंबई: एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा सुसाइड केस में रविवार को को-स्टार शीजान मोहम्मद खान को कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। शनिवार को खुदकुशी के कुछ ही घंटे के बाद तुनिषा की मां की शिकायत पर शीजान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। रविवार को उसे वसई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। शीजान पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। हालांकि शीजान के वकील ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद सबकुछ साफ हो जाएगा। मुंबई के एसीपी चंद्रकांत जाधव ने बताया कि तुनिषा और शीजान का लव अफेयर चल रहा था। उनका 15 दिन पहले ब्रेक हुआ था, जिसकी वजह से तुनिषा ने शनिवार को अपने शो के सेट पर फांसी लगा ली थी। इसके बाद तुनिषा की मां ने उसके को-स्टार शीजान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर हमने उसे गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया था। उन्होंने बताया, 'पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में साफ हुआ है कि तुनिषा की मौत फांसी लगाने से ही हुई है। फिलहाल हमारी जांच जारी है और हमने आरोपी शीजान को हिरासत में ले लिया है। उसका फोन भी हमने जब्त कर लिया है। इस केस में किसी और अफेयर, ब्लैकमेल या लव-जिहाद का कोई एंगल अभी तक सामने नहीं आया है।'

तुनिषा की दोस्त का दावा- उसके प्रेग्नेंट होने की आशंका: इससे पहले तुनिषा की एक्ट्रेस दोस्त रैया लबीब ने दावा किया था कि उन्हें आशंका है कि तुनिषा प्रेग्नेंट थी और अपने बॉयफ्रेंड व को-स्टार शीजान से शादी करना चाहती थी। हालांकि शीजान अभी शादी के लिए तैयार नहीं था, जिसके चलते तुनिषा 3 महीने से डिप्रेशन में थी। रैया का दावा है कि वे पिछले 2-3 साल से तुनिषा को जानती थीं और मुंबई के एक ब्यूटी पार्लर में कई बार तुनिषा से उनकी बात हुई थी।

असम एनआरसी के डेटा में छेड़छाड़ का जोखिम: कैग

गुवाहाटी: भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (कैग) ने असम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट करने की प्रक्रिया में भारी विसंगतियां पाई हैं। कैग ने एनआरसी के डेटा में छेड़छाड़ के जोखिम को चिह्नित किया है। कैग ने असम विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन 2020 में समाप्त वर्ष के लिए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 215 सॉफ्टवेयर यूटीलिटीज को अनियमित तरीके से कोर सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया था। एनआरसी को अपडेट करने के लिए एक अत्यधिक सुरक्षित और भरोसेमंद सॉफ्टवेयर को विकसित करने की जरूरत थी, लेकिन ऑडिट के दौरान इस समंबंध में उचित योजना की कमी सामने आई। अपेडेटेड एनआरसी को 31 अगस्त, 2019 को जारी किया गया था, जिसमें 3,30,27,661 आवेदकों में से कुल 3,11,21,004 नाम शामिल थे। हालांकि इसे अधिसूचित किया जाना बाकी है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि डेटा कैप्चर और सुधार के लिए सॉफ्टवेयर के अव्यवस्थित विकास ने बिना ऑडिट ट्रेल के डेटा टेम्परिंग का जोखिम पैदा कर दिया है। ऑडिट ट्रेल एनआरसी डेटा की सत्यता के लिए जवाबदेही सुनिश्चित कर सकता था।

एके-203 राइफल के स्वदेशी वर्जन का इंतजार बढ़ा

अमेठी: भारतीय सेनाओं के लिए 15 साल से चल रहा हल्की स्वदेशी असॉल्ट राइफल का इंतजार और बढ़ गया है। उत्तरप्रदेश में अमेठी के पास कोरवा में कलासनिकोव सीरीज की एके 203 असॉल्ट राइफल का प्लांट शुरू नहीं हो पाया है। रूस-यूक्रेन के बीच 300 दिन से अधिक समय से चल रहे युद्ध का साया इस प्लांट के ऑपरेशनल होने पर पड़ा है। अभी कोरवा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री परिसर में इंडो-रशिया राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) के प्लांट का निर्माण कार्य जारी है।

अब अगले साल शुरू होगा प्रोडक्शन: यहां ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के दो-तीन हॉल पहले से तैयार हैं। राइफल टेस्टिंग के लिए इनडोर फायरिंग रेंज सहित प्रोडक्शन लाइन

का निर्माण जारी है। रूसी इंजीनियरों और स्किल्ड टीम का रिक्रूटमेंट हो चुका है। जो भारतीय टीम को ट्रेनिंग देगी। अब 2023 में राइफल का प्रोडक्शन शुरू होने की संभावना है। रूसी हथियार कंपनी रोसोबोरोनेक्सपोर्ट के महानिदेशक अलेक्सांद्र मिखीव कह चुके हैं कि कोरवा से 2022 के अंत तक एके-203 का उत्पादन होना था। प्रोजेक्ट थोड़ा लेट हो गया है। 40 हजार राइफल्स के बैच में चरणबद्ध तरीके से स्वदेशी सामग्री को 5% से 100% किया जाएगा।

सीधे मिलने वाली पहली खेप में भी देरी: अभी सेना के तीनों अंगों के पास करीब 8 लाख स्वदेशी इंसास (इंडियन स्माल आर्म्स सिस्टम) राइफल हैं। इस डील के तहत इंसास की जगह 20 हजार एके 203 की पहली खेप सीधे रूस से आनी हैं। यूक्रेन से युद्ध के चलते इसमें भी देरी हो रही हैं। डील के तहत ये दस साल का प्रोजेक्ट है। 1.20 लाख राइफल्स के बाद पूर्ण स्वदेशी राइफल तैयार होगी।

पंजाब की जेल में पहली बार एनआईए की रेड

अमृतसर: नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने क्रॉस बॉर्डर नार्को टेररिज्म की रोकथाम के लिए शनिवार को उत्तर भारत में 14 ठिकानों पर रेड की। जम्मू-कश्मीर के अलावा टीमों ने अमृसतर, फिरोजपुर, तरनतारन में भी छापेमारी की गई, लेकिन इसी दौरान एनआईए की एक टीम अमृतसर केंद्रीय सुधार गृह तक भी पहुंची। यह पहला मौका है जब एनआईए ने पंजाब की जेलों का रुख किया है। मिली जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने केंद्रीय सुधार गृह का रुख किया। शाम केंद्रीय सुधार गृह पहुंची टीम की सर्च रात 10 बजे तक जारी रही। इस दौरान किसी अधिकारी को जेल के अंदर न फोन उठाने की अनुमति थी और न ही बाहर जाने की। कुछ नशा तस्करों व गैंगस्टरों की तलाशी ली गई और पूछताछ की गई।

दो मोबाइल किए गए जब्त: एनआईए की टीम ने तलाशी अभियान के दौरान दो मोबाइल केंद्रीय जेल से जब्त किए हैं। जिन्हें एनआईए की टीम साथ ले गई।

खबर संक्षेप

मिट्टी फेंकने को लेकर मार पीट एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। मऊआइमा में मिट्टी फेंकने के विवाद को लेकर एक को मारा पीटा गया। पुलिस ने एक के खलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम बडौरा निवासी शंकर लाल पुत्र राम दुलार का आरोप है कि पडोसी उसके घर के सामने मिट्टी फेंक रहे थे । मना करने पर मारे पीटे जान से मारे की धमकी दिए। शंकर लाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर कडेदीन पुत्र दुखी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

स्वास्थ्य शिक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

मऊआइमा। मऊआइमा में कई विद्यालय के छात्र छात्राओं को बुला कर स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मऊआइमा के ग्राम तिलई घीनपुर में एस आर एस चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया गया। मऊआइमा के आदर्श इंटर कॉलेज ,जामिया मिल्लिया इस्लामिया एंव हायर सेकेंडरी स्कूल, संसकार भारतीय,गंगा पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयो जो ग्राम सभा घीनपुर में आते हैं। सभी छात्रों को एकत्रित कर स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संयोजक कमल लता शुक्ला ,डाक्ट एच एल शुक्ला ,डाक्ट गंगोली ,डाक्टर सुष्मिता शर्मा ,डाक्टर आर के राही ,डाक्टर रोहित मिश्रा आदि मौजूद थे।

फूलपुर में आक्सीजन प्लांट के साथ कोविड से निपटने की तैयारी पूरी

फूलपुर। देश में फिर एक बार कोरोना संक्रमण की चर्चा तेज हो गई है शासन के निर्देश पर सी एच सी फूलपुर में भी कोरोना संक्रमण से निपटने को लेकर एक ओर जहां आक्सीजन प्लांट बनकर तैयार हो चुका है वही सी एच सी अधीक्षक फूलपुर सुनील कुमार पांडेय ने बताया की फूलपुर में कोरोना संक्रमण से निपटने की तैयारियां पूरी हो चुकी है आक्सीजन प्लांट से लेकर सैंपलिंग, कंट्रैक्ट ट्रेसिंग,आई एल आई सैंपलिंग आदि की पूरी व्यवस्था के साथ बेड सहित सभी कर्मचारी मुस्तैदी से तैयार है इसके बाद भी लोगो को सलाह दी जा रही है की किसी को इस बीमारी से घबराड़ने की जरारत नही है लोग केवल सावधानी बरते दो गज की दूरी और मास्क जरूरी को ध्यान में रखकर सोसल डिस्टेंसिंग का पालन जरूर करे जिन्हे भी इसके लक्षण दिखाई दे वह सावधानी पूर्वक सी एच सी में संपर्क कर अपना उपचार और सुझाव समय पर जिससे अन्य लोग इससे प्रभावित न हो सके।

फांसी के फंदे पर लटककर विवाहिता ने दे दी जान, मृतका के पिता ने दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वही मांयके पक्ष वालों ने दहेज के लिए मार क ं फांसी पर लटकाने का आरोप ससुराल जनों पर लगाया जब। मृतिका के पिता ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर प्रतिभा अपने दमाद व उसकी मां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बड़गांव थाना उतराव निवासी अंकित मिश्रा जो प्रयागराज के टावर कंपनी में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वहीं पति रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर सुबह निकल गया था। लगभग साढ़े सात बजे के करीब उसकी पत्नी प्रियंका मिश्रा उम्र 24 वर्ष जो कमरे के अंदर छत पर लगे पंखे में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई । कमरे के अंदर उसका मासूम ढाई वर्ष का बच्चा औरव रो रहा था। अंकित की मां बाहर झाड़ू लगा रही थी बच्चे की रोने की आवाज सुनकर कमरे जाने का प्रयास किया तो दरवाजा बंद था तो खिड़की से देखा तो उसके

घटनास्थल पर लगा भीड़ तथा इन्सेट में मृतका की (फाइल फोटो)

होश उड़ गये। वही शोरगुल मचाया आसपास के लोग इकट्ठा हुए दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे पर लटकी प्रियंका मिश्रा को उतारकर फौरन अस्पताल के लिए भागे जहां फूलपुर के निजी अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही सूचना पर मौके पर पति पहुंचा और चीख चीख कर रोने लगा। मायके पक्ष से मृतिका के पिता ने दहेज के लिए हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए उतराव थाने में दमाद व उसकी मां के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका प्रियंका मिश्रा की मौत से ससुराल व मायके पक्ष के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हैं । 4 वर्ष पूर्व अंकित मिश्रा का विवाह जौनपुर जिले के कारों बनकट गांव में हुआ था।

दिनदहाड़े कार लूट की सूचना पर हलकान रही पुलिस

हनुमामगंज। सराय?इनायत थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े कार लूट की सूचना मिलने पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस बल घटनास्थल की ओर रवाना हुआ। घटनास्थल पर पहुचने पर जब पुलिस को सच्चाई पता चली तब राहत की सांस ली। हनुमानगंज बाजार निवासी संजय केसरवानी भाड़े पर कार बुकिंग लेकर चलता है। देवरिया गांव निवासी बलवंत ने रविवार को बरईपुर से दूसरी जगह जाने के लिए कार बुक किया। ड्राइवर सुहेल कार लेकर बलवंत के साथ बर?ईपुर गांव पहुंचा। बरईपुर पहुंचते ही बलवंत ने सुहेल से कार छीन लिया। सुहेल फोन पर संजय को कार छीनने की बात बताई। संजय ने कंट्रोल रूम को फोन कर कार लूटने की सूचना दी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय जानकारी मिलते ही घटनास्थल की ओर भागे। पता करने पर कार एक भाजपा नेता के घर पर खड़ी मिल गई। सक्रिय पुलिस ने कार के साथ कार छीनने वाले को भी पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि बलवंत कार मालिक संजय का पुराना ड्राइवर है। काफी दिनों से बकाया पैसे के लिए परेशान था। पैसा नहीं मिलने पर उसने कार ले लिया था। लूट की खबर सुनते ही एसीपी फूलपुर मनोज कुमार सिंह भी सरायइनायत पहुंच गए। एसओ ने बताया दोनों पक्ष समझौता कर लिए।

न्यूज झरोखा...

दीप कोचिंग क्लासेज जंघई द्वारा वार्षिक प्रतियोगिता मंथन का हुआ आयोजन

जंघई। जंघई हंडिया मार्ग स्थित मां अष्टभुजा धाम गेट के सामने स्थित दीप कोचिंग के द्वारा विगत नौ वर्षो की भांति इस वर्ष भी रविवार को वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज जंघई के मैदान में किया गया जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम आने वाले छात्र एवं छात्रा को दीप कोचिंग क्लासेज द्वारा साइकिल दिया जाएगा।दीप कोचिंग क्लासेज के संचालक दीप नारायण सिंह ने बताया की यह प्रतियोगिता पिछले 9 वर्षो से आयोजित हो रहा है यह दसवां वर्ष है। ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने से भविष्य में छात्रों को किसी परीक्षा को देने में कठिनाई महसूस नहीं होगा इसी के साथ उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दिया।

अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पूर्व प्रधान डीहा ने लगाई स्ट्रीट लाइट

करछना। विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा के मजरा चुप्पेपुर में विगत वर्ष पूर्व में डां भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का शिलान्यास किया था, जहां पर अंधेरा रहने की वजह से कुछ दिन पहले अराजकतत्वों ने प्रतिमा को खंडित कर दिया था जिसको लेकर बवाल मच गया था, वही ग्राम पंचायत डीहा के पूर्व प्रधान ने ग्रामीणों की मांग पर , स्ट्रीट लाइट लल्लन प्रसाद यादव,अंकित यादव (समाज सेवी) लगवाने का कार्य किया गया,मौके पर कृष्ण कुमार यादव पूर्व,बीडीसी अवशेष प्रजापति, हुबलाल हरिजन,संत जी ,राम मिलन,उमाकांत,धीरज यादव,मिठाई लाल, आदि लोग मौजूद रहे वहीं गणमान्य लोगों ने सराहना की

जंघई कालोनी में जल निगम की पाइप लाइन टूटने से सड़कों पर बह रहा है पानी

जंघई। जंघई कालोनी में पोस्ट आफिस और शराब ठेका के मध्य जल निगम की मुख्य पाइप एक महीने से टूटी हुई है। समाजसेवी संजय सिंह ठेकेदार ने बताया कि मैंने 1076 नंबर पर फोन करके शिकायत दर्ज करवाया एवं जेई से बात किया लेकिन टूटी फूटी पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो रही। पानी की सप्लाई होने पर पानी सड़कों पर फैल जाता है लोग फिसलकर गिरकर चुटहिल हो रहे हैं आवागमन बाधित हो रहा है इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पाइप लाइन की मरम्मत नहीं हो रही जिससे आमजन आक्रोशित हैं।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ उदघाटन

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा के स्टेशन रोड पर स्थित सुल्तान मेमोरियल हास्पिटल में एक निः शुल्क चिकित्सा का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन शोए अंसारी और डाक्टर नदीम इंतेखाब ने फीता काटकर किया। रविवार को मऊआइमा के कस्बा के स्टेशन रोड पर स्थित सुलतान मेमोरियल हास्पिटल में एक निःशुल्क चिकित्सा का उदघाटन पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी एंव डाक्टर नदीम इंतेखाब ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बडी संख्या में मरीज मौजूद थे। डाक्टर नाजिस अख्तर एम बी बी एस मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज ने बताया कि वह रोज सुबह नौ बजे से बारह बजे तक मरीजों को देखेंगें। और दवा का पर्चा लिखेंगे। प्रथम दिन दर्जनों मरीजों को डाक्टर नाजिस अख्तर ने देखा। उदघाटन में बहाल उद्दीन ,सरफराज अख्तर ,अबू हमजा ,हाजी मोहम्मद वासिक ,मोहम्मद फाजिल ,मोहम्मद इमरान ,मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आफाक ,राजा , मोहम्मद अदि आदि मौजूद थे।

स्वच्छ जंघई सुंदर जंघई उद्देश्य से प्रधान ने कूड़ा संग्रह केंद्र का उद्घाटन किया

जंघई। विकास खंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत जंघई में स्वच्छ जंघई सुंदर जंघई उद्देश्य से प्रधान जंघई फूलवंती देवी द्वारा कूड़ा संग्रह केंद्र का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। प्रधान द्वारा जंघई में नगरीय व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है जिसमें कूड़ा उठाने वाली गाड़ी पूरे बाजार एवं ग्राम सभा से एकत्रित कूड़ा लाकर कूड़ा संग्रह केंद्र में डालेगी ताकि जगह जगह कूड़े का ढेर न लगे और बीमारी न फैले।इस अवसर पर कुलदीप सिंह सचिव, जय प्रकाश पाठक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, सुनील उमरवैश्य, राजेंद्र मौर्या नेता, गुलाब यादव सदस्य/पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, मदन, सुनील, राहुल, हिमालय रोजगार सेवक, ब्रह्मानंद यादव, अफजल, मुस्ताक आदि गांव के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहें।

सांसद रीता जोशी ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। अटल बिहारी बाजपेयी भारत के युगपुरुष थे। भारतीय जनता पार्टी की नींव को उन्होंने मजबूत किया। वह देश के सबसे युवा सांसद थे। यह बातें सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कही। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ह्यमन की बातह्न सुनने के लिए वह शिवराजपुर पहुंचीं थी। सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ ह्यमन की बातह्न सुनकर सभी का उत्साह बढ़ाया।

शिवराजपुर के केशवराज भवन में सांसद ने कहा, भारतीय जनता पार्टी ने देश को एक ऐसा नेतृत्व है, जिसका लोहा आज पूरा विश्व मान रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। जिम्मेदारियों का बोध कराया। सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कभी भी लक्ष्यहीन और गलत राजनीति नहीं की। हमेशा सिद्धांतों की बातकी और उसी सिद्धांत को लेकर आगे बढ़ी। इसी का नतीजा है कि आज पूरे देश के 18 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। जनसंघ से लेकर 18 राज्यों में और देश में भाजपा की सरकार बनाने तक पार्टी के कार्यकताओं ने बड़ा संघर्ष किया। जनसंघके सिद्धांतों ने ही आज देश को नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा प्रधानमंत्री दिया, जो पूरे विश्व में सबसे

सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती

शक्तिशाली नेताओं में गिना जाता है। देश की इस मजबूती की नींव अटल बिहारी बाजपेयी ने ही रखी थी। वह हमेशा सिद्धांतों पर चले और उसी पर अटल रहे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कई अखबारों का संपादन दिया। हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे। भारतीय संस्कृति और मानवता का उद्धार किया। मन की बात कार्यक्रम के बाद देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई।सांसद रीता जोशी समेत तमाम पदाधिकारियों ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह,दिनेश तिवारी,अनूप केसरवानी, शिवराम सिंह परिहार, सुधा गुप्ता, गुड्डा मिश्र,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की मन की बात

सिरसा। मेजा क्षेत्र के रामनगर में उरुवा मंडल मे आज मोदी जी के मन की बात और सुसाशन दिवस परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल मन की बात के आखिरी एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यह साल देश के लिए कई मायनों में काफी प्रेरक रहा।

उन्होंने ने कहा कि आज हम सबके श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई का जन्मदिन है । वह एक महान राजनेता थे जिन्होंने देश को असाधारण नेतृत्व किया । हर भारतवासी के हृदय में उनके लिए एक खास स्थान है । वह भारत को हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले गए श्री शंकर लाल केसरी पूर्व प्रदेश परिषद सदस्य भाजपा, उमाशंकर त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष, शकील अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, मंडल अध्यक्ष संजय केसरी, मंडल प्रभारी राजेश शर्मा, मंडल महामंत्री कुलदीप मिश्रा ,आनंद कुमार मिश्रा, जय कुमार गुप्ता, अमरजीत जैसल, सुधाकर पांडे ,अशोक जयसवाल, भगवान प्रसाद बिंद, शांति गौड़, साबिया बेगम ,दिनेश जायसवाल, मनोज केसरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुजीत केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा, सचिन वैश्य, रतन केसरवानी, रोहित केसरवानी, सोमनाथ वर्मा, उमा वर्मा, अनुपम सिंह, संतराम गुप्ता,उग्रसेन द्विवेदी, राजेश केसरवानी, रंगीले मिश्र, संदीप सिंह,मनोज केसरवानी आदि मौजूद रहे। सांसद ने कार्यक्रम के पश्चात अपने कार्यकताओं से मुलाकात की और हाल चाल जाना।इसीक्रम में रामभवन चौराहा निवासी चंद्रमणि मिश्रा के आवास पहुंच परिजनों से मुलाकात की।मौके पर रामखेलावन गुप्ता,पंडित त्रियुगी कांत मिश्रा, शिव नरेश द्विवेदी, चतुर्भुज दास गुप्ता, प्रमोद बाबू झा, राधेश्याम द्विवेदी मौजूद रहे।

शुआट्स के यीशु दरबार चर्च में मनाया गया मानव मुक्ति दिवस

अखंड भारत संदेश

नैनी। यीशु दरबार चर्च नैनी में ह्यबड़ा दिनह्न मानव मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर परमेश्वर की प्रार्थना, आराधना तथा मसीही गीत की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु यीशु मसीह के प्रार्थना से हुई। कोविड-19 से सुरक्षा हेतु जारी गाईडलाईन के तहत सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए कार्यक्रम का प्रसारण यू-ट्यूब के माध्यम से भी किया गया।

शुआट्स कुलपति एवं यीशु दरबार चर्च के बिशप मोस्ट रेव्ह. प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल ने सभी को मानव मुक्ति दिवस की शुभकामनायें दीं। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह शान्ति के राजकुमार हैं जो पृथ्वी पर शान्ति का राज्य स्थापित करने आए हैं, मनुष्यों के अन्दर सत्य की ज्योति जलाने आये हैं क्योंकि सत्य परमेश्वर की ज्योति है जब ये ज्योति हमारे हृदय में जलती है तो अंधकार समाप्त हो जाता है। परमेश्वर ने मनुष्य से ऐसा प्रेम किया कि अपना एकलौता पुत्र पृथ्वी पर भेज दिया तोकि जो कोई उस पर विश्वास करे वो नाश न हो परन्तु अनन्त जीवन पाये। बिशप लाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह किसी एक धर्म के नहीं हैं वरन् सारी मानव जाति के मुक्तिदाता हैं जो मनुष्यों को पाप, बुराई, घृणा, हिंसा से स्वतंत्र करने आये हैं। उन्होंने बाइबल वचन साझा करते हुए कहा कि यदि तुम सत्य को जानोगे तो सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा। उन्होंने शराब को मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए शराब पर पूरे देश में बैन लगाये जाने की बात कही।

पूर्व में मसीही भजन ह्यमेरा प्रभु जन्मा, प्यारा प्रभु जन्माह्न, ह्यहै दी आवाज फरिश्तों नेह्न एवं ह्ययीशु मसीह है सबका, मुक्ति दिलाने आयाह्न की प्रस्तुति हुई। डा. वी.एम. प्रसाद ने ह्ययीशु मेरा राजा, तेरा नाम मुबारक होवेह्न गाया। स्नेह आश्रय की बच्चियों ने मसीही गीत ह्यसब मिलके नाचो गाओ, यीशु मसीह आज पैदा हुआह्न पर नृत्य की प्रस्तुति दी। बेटी मर्सी ने मसीही भजन ह्यखुदा के प्यार की निशानी जमीं पर उतर आई है आजह्न की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन ह्यधन्यवाद धन्यवाद धन्यवाद से हुआ। इस अवसर पर निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्री डा. सुधा लाल, केन्या से आए रेव्ह जॉन मुग्गा व उनकी पत्नी, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो0 एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो0 जोनाथन ए. लाल, कुलसचिव प्रो0 रॉबिन एल.प्रसाद, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, प्रो. ए.के.ए. लॉरेन्स, फादर डेविड फिलिप सहित शिक्षकगण, कर्मचारी गण व आस-पास के भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी लोग सामूहिक भोज में सम्मिलित हुए।

प्रयागपुर से कुंदौरा धाम तक हांथी, घोड़े, ढोल नगाड़ों डीजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

जंघई। प्रयागपुर गांव में रमाशंकर पांडेय एवं रमाकांत पांडेय के आवास से ढोल नगाड़ों डीजे हांथी घोड़े के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी संजीव पांडेय ने बताया कि शोभा यात्रा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए सुप्रसिद्ध श्री हरिहर धाम कुंदौरा महादेव धाम पहुंची वहां पर मंदिर प्रांगण में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई और निशान चढ़ाया गया। रविवार को श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया सोमवार को महाप्रसाद एवं भंडारा होगा तथा अभिषेक पाठक एवं ग्रुप जमशेदपुर टाटा द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमोद पांडेय, विनोद पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, राजीव पांडेय, मनोज पांडेय, पवन पांडेय, मनीष, अवनीश, हरीश, अविनाश, अनुराग, रजनीश, यश, जय, हर्ष, हर्षित, परी, रूद्री पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नवप्रवेशित छात्र एवं छात्राओं ने फ्रेशर पार्टी में मचाया धमाल

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयाग इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में फ्रेशर पार्टी अंकुरण का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूम में लोक गायिका मोहनी श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि श्री इंद्रजीत सरोज पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा चेयरमैन ज्ञान सिंह पटेल और सचिव श्री विकास सिंह पटेल नवप्रवेशित छात्र और छात्राओं को शुभकामना दिया। संस्थान के निदेशक डा एस,सी तिवारी सहित सभी अध्यापकों ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य के लिए तकनीकी शिक्षा का सही प्रयोग करने का संदेश दिया। संस्थान के कुलसचिव श्री आशीष तिवारी ने सभी अतिथियों को एवं छात्रों को अंकुरम कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। कल्चर कमेटी की प्रमुख सुप्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री संजीव मिश्र जी प्रदेश प्रवक्ता आम आदमी पार्टी, समीर श्रीवास्तव, आर के श्रीवास्तव, रवि सिंह, महिपाल सिंह, अरविंद पांडे, एच एल पटेल, प्रेम चंद, श्रुति श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, भोला पांडे, आशुतोष तिवारी, रविन्द्र सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लियाे सैनिक जीवन प्रस्तुत पर नाट्य एवं डांस द्वारा गौसुल खान, शाहिल, शनि, समीर कुरैशी, रकम चंद, नितिन, शिवम और ओम पांडे ने सबका ध्यान आकर्षित किया। अंजली यादव, श्रेया, प्रिया, सोनिया अंतिमा द्वारा प्रस्तुत ग्रुप डांस ने सबका मन मोह लिया। हरिओम गौर, साक्षी, सूरज बिंद, अंश शुक्ला, आकांक्षा मिश्रा, विद्याकांत, अदिति, खुशबू, शिवांगी ने

नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को चेयरमैन एवं सचिव ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर सचिव ने किया शुभारंभ

अपने सोलो डांस से जमकर धमाल किया। इसके अलावा शिवानी, प्रवीण पाण्डेय ,महफूज आलम, श्रेया बिंद ,अदिति, शनि, साहिल इत्यादि ने मनमोहक गाने गा कर सबका दिल जीत लिया। बीटेक के मिस्टर फ्रेशर अतुल सिंह चौहान एवं डिप्लोमा से विद्या कांत बीटेक से मिस फ्रेशर सोनिया डिप्लोमा से मेनका पटेल चुने गए तथा कार्यक्रम का संचालन आशा नंद सिंह के निर्देशन में सोमित पांडे सहित कार्यक्रम में विष्णुकांत का योगदान सराहनीय रहा।

विश्वकर्मा समाज ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाई

सिरसा। यमुनापार मेजा क्षेत्र के ग्रामपंचायत डेलौहा में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा (विश्वकर्मा विग्रेड) के जिलाध्यक्ष ओम नरायण विश्वकर्मा के आवास पर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुष्पतिथि मनाया गया। जिसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा

अर्चना एंव पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के पदाधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुष्पतिथि पर स्मृति गोष्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आये हुए सभी पदाधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में यह बात प्रमाणित कर दिया था की जनता और देश का विकाश ही उनकी प्राथमिकता हैं। ज्ञानी जैल सिह 15 वर्ष के उम्र में ही ब्रिटिश बिरोधी मुहिम से जुड़ गए थे। ज्ञानी जैल सिंह देश के एक मात्र सिख राष्ट्रपति थे। उनका वास्तविक नाम जरनैल सिंह था, इनका जन्म 5 मई 1916 को फरीदकोट ,कोटकपूरा हाइवे पर स्थित संधवा गांव रमगढ़ीहा विश्वकर्मा के घर मे हुवा था। उनके पिता भाई किशन सिंह एक समर्पित सिख थे। वह गांव में बढ़ई का कार्य करते थे। छोटी सी उम्र में जरनैल सिंह के माता-पिता का देहांत हो गया था। उनका पालन पोषण उनकी मौसी ने किया था। ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान ज्ञानी जैल सिह राष्ट्रपति थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम निरंजन विश्वकर्मा (अध्यक्ष) अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा प्रयागराज , राम आसरे विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा (पत्रकार), राजकुमार विश्वकर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, हिन्छ लाल विश्वकर्मा, हीरा लाल विश्वकर्मा, सत्यम , शिवम, सांतम, विवेक, महेश, विनय, श्रीमती किरन देवी, कविता देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी आदि पचासों के संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सांसद रीता जोशी ने पोषाहार की गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। समूहों के ग्रुप द्वारा संचालित प्लांट से तैयार पोषाहार को सांसद डॉ रीता जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उजाला प्रेरणा लघु उद्योग की स्थापना यमुनापार के ग्राम गाढ़ा कटरा (शंकरगढ़) में की गई है। पोषाहार से लदे वाहनों को हरी झंडी दिखाने के बाद सांसद ने समूह के महिलाओं की जमकर तारीफ की। सांसद ने कहा, प्रयागराज की बहन-बेटियां महिला सशक्तिकरण के सपने को हकीकत में साकार कर रहीं हैं। गाढ़ा कटरा में स्थापित इस प्लांट से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हजारों महिलाएं जुड़ीं और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। अलग-अलग स्तर पर समूह की महिलाओं द्वारा संचालित यह प्लांट आने वाले समय में महिलाओं के उत्थान की कहानी सुनाएगा। इस प्लांट के संचालन से स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाया गया पोषाहार स्थानीय बच्चों को प्राप्त होगा।सांसद ने कहा, आज ऐसा कोई काम नहीं है, जिसमें महिलाएं आगे न हों। आप सभी को इस बात पर गर्व करना चाहिए कि हमारे घर की बहन-बेटियां आगे बढ़ रही हैं। उनके द्वारा बनाया गया पोषाहार घर-परिवार को पोषण प्रदान कर रहा है। सांसद ने कहा, इंसान के जीवन में पैसा कमाना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए। समूह की महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हे समाज के प्रहरी की संज्ञा प्रदान की। कहा, इन्ही महिलाओं की बदौलत पहले समूहों की जो संख्या डेढ़ से दो हजार हुआ करती थी, आज वही संख्या 20 हजार के करीब पहुंच गई है। सरकार के द्वारा शुरू किया गया यह उपक्रम जनपद के

आठ ब्लाकों को पोषाहार प्रदान करेगा। इस उद्यम से आने वाले समय में कुल 2.8 लाख महिलाएं जुड़ेंगी। जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया ने बताया कि शंकरगढ़, जसरा और कौंधियारा के 300 समूहों ने मिलकर एक माह पूर्व प्लांट तैयार किया गया था। इस प्लांट में छह प्रकार का मैटेरियल तैयार किया जा रहा है। इस प्लांट का शुभारंभ एक माह पहले कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने किया था।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, खंड विकास अधिकारी रामविलास राय, नायब तहसीलदार प्रिया सिंह, एडीओ पंचायत प्रेमचंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र मौर्या, सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, अभिषेक तिवारी, पूर्व मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, एसओ मनोज कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, प्रधान कामता सिंह, शिवराम सिंह परिहार, अनूप केसरवानी, सुजीत केसरवानी, सचिन वैश्य, रोहित केसरवानी, सतीश त्रिपाठी, सतीश विश्वकर्मा, संतराम गुप्ता, दिवाकर सिंह, दिनेश सोनी आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

युवती के साथ छेडखानी, आपत्ति पर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। युवती के घर के पास खडे होकर दो शोहदे कई रोज से फब्तियां कसते थे। आज अश्लीलत हरकतें करने पर जब युवती की माता ने आपत्ति की तो उसे मारा पीटा। महिला ने दो शोहदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि दो युवक निरंतर आ कर उसके घर के सामने खडे हो जाते थे और उसकी बेटी को देख कर फब्तियां कसते थे। आरोप है कि रविवार को दोनों शोहदे आ कर बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने लगे मना करने पर उसे मारा पीटा गया। युवती की माता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर अभिषेक कुमार और सुरेश कुमार पुत्रगण अज्ञात निवासी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

क्रियायोग के प्रकाश में मनाया गया क्रिसमस पर्व

यूट्यूब चैनल से किया गया लाइव प्रसारण, जुड़े रहे विदेशी साधक

क्रिसमस पर्व पर साधकों को शिक्षा देते क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम

क्रिसमस पर्व को समझते साधक

अखंड भारत संदेश

झूंसी। मां गंगा के तट पर स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में रविवार को क्रिसमस पर्व का 7.30 से यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया गया इस आयोजन में कई देशों के विदेशी व भारतीय नागरिकों ने इस भाग लिया । 25 दिसंबर जिसे बड़े दिन के नाम से जाना जाता है आज ही के दिन पूरी दुनिया में प्रभु ईसा मसीह के सम्मान में समारोह आयोजित किया जाता है । इस पावन अवसर पर क्रियायोग आश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने क्रियायोग अभ्यास के उपरांत उपस्थित सभी साधकों को वैज्ञानिक तरीके के साथ स्पष्ट किया कि प्रभु ईसा मसीह मात्र 3 वर्ष के अंदर मानव जाति को अहमब्रह्मास्मि हमारे और परमात्मा के बीच दूरी शून्य है, को अनुभव करने का वृहद प्रशिक्षण दिया।

स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि मनुष्य जब मानव की अनुभूति कर लेता है तो उसके और परमात्मा के बीच में दूरी शून्य हो जाती है। फिर वह अनुभव कर लेता है कि मनुष्य के लिए कुछ भी असंभव नहीं है । अमरता के विज्ञान को सिद्ध करने के लिए ईसा मसीह सूली पर चढ़ गए और मरे हुए शरीर को पुनर्जीवित करने के उपरांत स्वयं को अदृश्य कर स्वर्ग में प्रवेश किए । हमारे और प्रभु के बीच दूरी नही है , यही भारतीय संस्कृत है। जब मानव इस ज्ञान को प्राप्ति कर लेता है तो उसकी समस्त समस्याएं समाप्त हो जाती है। क्रियायोग ध्यान इस ज्ञान को प्राप्त करने का सरलतम उपाय है। वही इस कार्यक्रम में देश विदेश के साधकों ने भाग किया।

श्रृद्धा पूर्वक हरि कीर्तन करने से कट जाते हैं सभी क्लेश : देवानंद अवधूत

फूलपुर। भगवान न बैकुंठ में रहता है ना ही योगियों के हृदय में बल्कि भक्त हरि कीर्तन में रहता है। उक्त बातें रविवार को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के आचार्य देवानंद अवधूत ने गारापुर में प्रचारक संघ की ओर से आयोजित बाबा नाम केवलम आस्था अष्ठाक्षरी सिद्ध महामंत्र कीर्तन में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा मनुष्य यदि दुख में जी भर कर अपनी सभी इंद्रियों को मिलाकर कीर्तन कर ले उसका क्लेश तुरंत दूर हो जाता है। उन्होंने कहा कीर्तन से साधना की गति में जहां तेजी से लाभ होता है वहीं अंग प्रत्यंग भी पवित्र हो जाता है। कीर्तन के पश्चात साधना स्वाध्याय एवं ऋग्वेद के मंत्र उच्चारण का पाठ किया गया। तत्पश्चात बंगलुरु धर्म प्राण आनंद अवधूत व फरुर्खाबाद से आचार्य प्रेमानंद गोपालगंज बिहार से देव मित्र आनंद एवं दिल्ली से आए प्राणेश्वरा नंद अवधूत ने कीर्तन की महिमा पर प्रकाश डाला।

आयोजक मंडल के आचार्य हृदयानंद डॉक्टर के के पांडे के अलावा एमपी शर्मा, अनुराग तिवारी, डॉ अनीता मिश्रा,प्रधान लाल बहादुर, उर्मिला यादव, रंग बहादुर आदि उपस्थित रहे। कीर्तन के बाद महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। हरि कीर्तन में शामिल भक्तों को ठंड से बचाव के लिए इफको अधिकारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने कंबल वितरित किया।

न्यूज झरोखा

श्री नारायण आश्रम बालिका इंटर कॉलेज में मनाया गया 44 वां स्थापना दिवस

प्रयागराज। शिवकुटी स्थित श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में रविवार को विद्यालय का 44 वां स्थापना दिवस समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। आश्रम से पधारी संत शिवाजी एवं संत गोपी जी ने पूजन किया एवं कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष श्री सुधीर नारायण अग्रवाल जी (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय), मुख्य अतिथि श्रीमती गरिमा प्रसाद (एडीशनल एडवोकेट जनरल उत्तर प्रदेश सरकार व सीनियर एडवोकेट सर्वोच्च न्यायालय भारत सरकार, दिल्ली) तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमति अनामिका चौधरी ,(सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश) व आश्रम की सचिव श्रीमती प्रभा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने गुरु वंदना, स्वागत गीत, हास्य नाटिका, नृत्य, भाव प्रसंग, धार्मिक प्रसंग, जूडो प्रदर्शन आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कठपुतली नृत्य, सबरी प्रसंग, राधा कृष्ण नृत्य, इंग्लिश प्ले, गंगा बचाओ आदि ने सबको भावविभोर कर दिया। इस मौके पर वर्षपर्यंत हुई प्रतियोगिताओं के विजई छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि वार्षिकोत्सव बच्चो को प्रतिभा को विकसित करने का अवसर देता है। इस मौके पर प्रबंधक श्री श्रीभगवान पांडेय जी, डॉ. मृदुला त्रिपाठी जी, श्री शील टंडन जी, राजनारायण शुक्ल जी एवं अन्य कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती विभा मिश्रा जी ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रकाश हॉस्पिटल भीरपुर जश्न के साथ हुआ पुनः संचालित

करछना। विकास खंड करछना के अंतर्गत? भीरपुर नियर मरदापुर स्थित प्रकाश हॉस्पिटल एक बार पुनः गाजे-बाजे डीजे एवं जश्न के साथ शुभारंभ रविवार को हो गया जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव निदेशक प्रकाश हॉस्पिटल एक सप्ताह पूर्व राजनैतक द्वेष के चलते सीज कर दिया गया था जिसका एक बार फिर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को जवाब देते हुए अस्पताल के निदेशक डॉ विजय बाबू ने उनको दिखा दिया कि अस्पताल का मानक पूरी तरह पूर्ण है और पहले भी था गति दिनो सीएमओ प्रयागराज द्वारा सीज कर दिया गया था जिसकी चर्चा जोरों पर थी बताया जाता है कि राजनीतिक दबाव में यह कार्य किया गया था जो पूरी तरह गलत था रविवार को निदेशक व अस्पताल के सभी स्टॉप वार्ड बॉय डॉक्टर गाजे-बाजे के साथ नाचते झूमते तथा खुशी मनाते हुए एक दूसरे को लड्डू खिलाए और अस्पताल का शुभारंभ किया तथा मरीजों को सुविधा बहाल हो गई जिससे आसपास के लोगों के लिए अस्पताल में सुविधा बहाल होने से खुशी का जश्न का माहौल था इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलसी राम यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, एवं स्टाप मौजूद रहे।

क्रिसमस मेले में बच्चो किया धमाल

झूंसी। अन्दावा स्थित न्यू टाऊन हाल पब्लिक स्कूल एंड कालेज में रविवार को क्रिसमस के अवसर पे बाल मेला एवं क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसका बच्चों और अभिभावको ने जम कर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर तरह तरह के व्यन्जनो, आकर्षक झूलो एवं कई प्रकारों के खेलो का आयोजन किया गया` इस मौके पे प्रधानाध्यापिका रोमिला रस्तोगी, विकास केलकर, रुझान रस्तोगी, विकास पुराणिक आदी मौजूद रहे।

कमिश्नरेट को मजबूत करने के लिए अजित सिंह चौहान ने कस्बा चौकी का किया लोकार्पण

करछना। जिले में कमिश्नरेट को और मजबूत करने के लिए करछना थाना में चौकी कस्बे का उद्घाटन एसीपी करछना अजित सिंह चौहान के द्वारा किया गया जिससे थाने के आस पास के इलाकों के साथ साथ आसपास के मुहल्लो में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और दुरूस्त होगी करछना तहसील के समीप और साधु कुटी चौराहे बेला चौराहा के साथ साथ कई मुख्य जगहों पर पुलिस टीम की निगरानी रखी जा सकेगी इस मौके पर थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह के साथ इंस्पेक्टर , मन मोहन मिश्रा , वरिष्ठ एस आई राज कुमार त्रिवेदी , एस आई अखिलेश राय , एस आई अजित कुमार गुप्ता , एस आई हरिशंकर मिश्रा , एस आई लवकुश वर्मा , एस आई नन्दन सिंह , एस आई देवेन्द्र यादव , एस आई आकाश सिंह , के साथ हेड कांस्टेबल वह महिला कांस्टेबल मौजूद रहीं।

सुशासन दिवस के रूप में मनाया अटल जी का जन्मदिवस

प्रतापपुर। भाजपा प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष पं. आशुतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित करके उनको याद किया गया व संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पांडेय एवं मंडल महामंत्री पंडित श्यामधर शर्मा, जिला प्रतिनिधि राजमणि बिंद, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा उदयवीर प्रजापति, मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अच्छेलाल पटेल, पंचायत प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश द्विवेदी, मीडिया प्रभारी आचार्य मयंक मिश्र, संदीप प्रजापति, कान्हा सिंह बघेल, अनिल गौतम, दिनेश यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर दिए टास्क, फिर 1.15 लाख उड़ाए

प्रयागराज। ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर शहर की दो युवतियों को साइबर ठगों ने निशाना बनाया। रजिस्ट्रेशन के नाम पर उन्हें टास्क दिए और फिर खातों से 1.15 लाख रुपये उड़ा दिए। पुलिस ने मोबाइल नंबरों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोशनी रविंद्र अल्लापुर की रहने वाली है और अभी पढ़ाई कर रही है। उन्होंने बताया कि वह ऑनलाइन जॉब सर्च कर रही थीं, इसी दौरान उसने अमेजन जॉब नाम की एक वेबसाइट को देखा। इस पर मोबाइल नंबर डालते ही कुछ देर बाद उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें एक लिंक भी था। मैसेज में लिखा था कि जॉब रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक पर क्लिक करके बताए गए स्टेप्स को फॉलो करें। लिंक पर क्लिक करते ही कुछ जानकारियां भरने को कहा गया और फिर टास्क दिए गए। यह भी बताया गया कि जॉब के लिए क्वालिफाई करना है तो टास्क पूरा करना होगा। टास्क में सबसे पहले 100 रुपये का एक प्रोडक्ट खरीदने को कहा गया। यह भी बताया गया कि कुछ देर बाद पैसे रिफंड हो जाएंगे। उसने ऐसा ही किया और कुछ देर बाद पैसे वापस भी आ गए।इसके बाद 400 रुपये का प्रोडक्ट खरीदा और यह रकम भी वापस मिल गई। तीसरे टास्क में तीन हजार का प्रोडक्ट खरीदा लेकिन इस बार रकम वापस नहीं आई। इसके बाद रकम वापस करने के नाम पर अलग-अलग बार में कुल 70 हजार रुपये खाते से उड़ा दिए गए। इसके बाद उसने नेशनल साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही साइबर सेल में भी शिकायत दर्ज कराई।

प्रेमी जोड़ों का अलग-अलग घाटों पर हुआ अंतिम संस्कार

करछना। थाना क्षेत्र के बसरिया गांव में शनिवार को देर शाम दो प्रेमी जोड़े घर से डाट खाने के बाद घर के पास में गुजरी दिल्ली हावड़ा रेलवे लाइन पर जाकर दोनों ने ट्रेन के सामने छलांग लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी जिसका पुलिस ने देर रात पोस्टमार्टम के लिए शव भिजवा दिया था रविवार को पोस्टमार्टम के पश्चात नाबालिक प्रेमिका का अंतिम संस्कार प्रयागराज के दारागंज घाट पर परिजनों द्वारा कर दिया गया जिसका शव घर नहीं लाया गया, वही प्रेमी युवक का शव उसके परिजन घर लाकर उसके पश्चात गंगा तट घाट मनैया में ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया बता दें कि शनिवार को दोनों प्रेमी जोड़े पड़ोस के रहने वाले हैं जिसका काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था परिजनों के द्वारा जानकारी होने पर प्रताड़ित होने से बचने के लिए तथा परिजनों का सामना न कर पाने की स्थिति में दोनों ने निर्णय कर ट्रेन के आगे प्रेमी जोड़े ने छलांग लगाकर जान गवा दी थी जिनका रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

महामंडलेश्वर की हत्या के संदिग्ध साजिश कर्ता पर रिपोर्ट दर्ज, किया गया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद की हत्या की साजिश के मामले में पकड़े गए संदिग्ध युवक पर रविवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। उसके पास दो अलग-अलग आधार कार्ड मिले हैं। इसी के आधार पर उसके खिलाफ परी अखाड़े की आचार्य त्रिकाल भवंता की तहरीर पर धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओं में केस लिखा गया है। युवक का असली नाम योगेंद्र शर्मा है और वह बागपत का रहने वाला है।पुलिस को उसके पास दो आधार कार्ड मिले। इनमें से एक योगेंद्र शर्मा और दूसरा विक्रम सिंह के नाम से था। खास बात यह कि दोनों में फोटो उसी की थी। पूछताछ में पता चला कि उसने परी अखाड़ा में पहुंचकर भी अपना गलत नाम पता दर्ज कराया था। जब उससे दो आधार कार्ड के बाबत पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। उधर, देर शाम त्रिकाल भवंता ने उसके खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। त्रिकाल भवंता की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है कि युवक 30 नवंबर से ही उनसे लगातार संपर्क कर रहा था। उसने व्हाट्सएप कॉल की थी। इस दौरान आश्रम का पता आदि पूछ लिया था। इसके बाद शनिवार को वह अखाड़े के नए यमुना पुल के नीचे स्थित आश्रम में पहुंच गया। यहां उसने एक जनवरी को आचार्य कैलाशानंद व अन्य बड़े संतों की हत्या की साजिश का खुलासा किया, जिस पर वह स्तब्ध रह गईं। इसके बाद उन्होंने पुलिस के साथ ही आचार्य को भी इसकी सूचना दी। ऐसा प्रतीत होता है कि युवक उनसे ठगी करना चाहता था। त्रिकाल भवंता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब तक कि जांच में यही लग रहा है कि युवक ठगी की नीयत से आश्रम में पहुंचा था।

- सौरभ दीक्षित, डीसीपी यमुनानगर।

बार-बार बदलता रहा बयान

इससे पहले आरोपी बार-बार बयान बदलकर पुलिस को रातभर उलझाता रहा। एसटीएफ के साथ डीसीपी यमुनानगर ने भी उसे घंटों उससे पूछताछ की। युवक के कब्जे से मिले लैपटॉप की जांच करने पर पता चला कि उसने त्रिकाल भवंता के बारे में इंटरनेट से काफी जानकारी एकत्र की थी। उसे यह भी पता चला वह अखाड़े की मान्यता चाहती हैं। माना जा रहा है कि अखाड़े की मान्यता के नाम पर ही वह ठगी करने पहुंचा था। इस दौरान उसने खुद को आचार्य कैलाशानंद का नजदीकी भी बताया।

खुद का सेवादार भी बताया

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में युवक ने यह भी बताया कि उसने त्रिकाल भवंता से कहा था कि वह आचार्य कैलाशानंद का सेवादार है। पुलिस ने उसके मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाली लेकिन कुछ खास जानकारी नहीं मिली। हालांकि पूछताछ में उसने कैलाशानंद की हत्या की साजिश रचने की बात से इंकार किया है।

महाराजा बिजली पासी की जयंती पर निकली गई पद यात्रा

अखंड भारत संदेश

झूंसी। अटल बिहारी बाजपेयी व महाराजा बिजली पासी की जयंती के मौके पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने झूंसी के छतनाग गांव में बच्चा मार्केट से विशाल पदयात्रा निकाली। पद यात्रा की अगुवाई भाजपा के मनोज पासी और सतीश ?गिरि ने की।

छतनाग गांव से शुरू हुई पद यात्रा जीटी रोड होते हुए त्रिवेणीपुरम कालोनी के मैदान पर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दो दर्जन लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी को भी याद किया। कार्यक्रम में भाजपा गंगापार के अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी तथा यमुनापार अध्यक्ष विभवनाथ भारती ने अपने विचार रखे। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी ने पूरे देश में एक साथ विकास की यात्रा का शुभारंभ किया था। उसी विकास यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में पांच सौ से ज्यादा महिलाओं एवं पुरूषों में शाल का भी वितरण किया गया। इस मौके पर सूरज पासी,धीरज पासी, मनसा पासी, आशीष गिरि, बुल्ले यादव, भोला यादव, बब्लू यादव, भोला मिश्र, अर्जुन मिश्र, मोहम्मद जमशेद खान, अनूप निषाद, गंगाराम निषाद, पिंटू नेता, अरविंद यादव आदि मौजूद रहे।

इफको में हुआ आन साइट इमेरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास

अखंड भारत संदेश

आनसाइट इमरजेंसी पूर्वाभ्यास में अमोनिया रिसाव को नियंत्रित करते कर्मचारी

फूलपुर। इफको में रविवार को आन साइट इमेरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास किया गया। आन साइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास यूरिया-2 क्षेत्र में किया गया। इस पूर्वाभ्यास में यूरिया-2 प्लांट के 31ढ - 5 अ/इ पम्पो के कॉमन सक्शन लाइन में लगे ल्कउझ180 कंट्रोल वाल्व की अपस्ट्रीम फ्लैंज से द्रव अमोनिया के रिसाव जैसी स्थिति पैदा की गई। ड्रिल के अनुसार सर्व प्रथम यूरिया-2 क्षेत्र के प्रचालक ने अमोनिया की सूचना पाली प्रभारी (अग्नि एवं सुरक्षा) तथा पाली अभियंता (बैगिंग) को दी। घटना की सूचना मिलते ही पाली प्रभारी (अग्नि एवं सुरक्षा) ने अपने दल के साथ हवा के विपरीत दिशा से घटना स्थल पर पहुँच कर रिसाव को नियंत्रित करने की कार्यविधि चालू कर दी। पाली अभियंता (पावर प्लांट) से सूचना पाकर संयुक्त-महाप्रबंधक (उत्पादन) संजय भंडारी एवं यूरिया-2 के अन्य अधिकारी गण मौके पर पहुँच गए। अमोनिया रिसाव को नियंत्रित होते देख साइट इंसिडेंट कन्ट्रोलर सुशील श्रीवास्तव ने मुख्य इंसिडेंट कन्ट्रोलर इफको फूलपुर कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया से वार्ता कर पाली प्रभारी (अग्नि एवं सुरक्षा) को इमरजेंसी सायरन बजाने हेतु निर्देश दिया एवं अन्य अधिकारियों को जानकारी देते हुए पाली अभियंता (पावर प्लांट) को निर्देशित किया। सायरन के बजते ही समस्त संबंधित अधिकारी, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग का दल, संजीव कुमार, मुख्य प्रबंधक (अग्नि एवं सुरक्षा) तथा समस्त वरिष्ठ अधिकारी गण घटना स्थल पर पहुँच गये। सारी कार्यवाही डिजास्टर एक्शन प्लान के अनुसार, योजना बद्ध तरीके से करने लगे। अग्निश्मन दल ने हवा के विपरीत दिशा में अपने वाहनों को खड़ा करके ब्रीथिंग आपरेटस पहन कर दुर्घटना स्थल का दौरा किया और रिसाव की स्थिति को देखकर, मॉनिटर, टेंडर एवं वाटर कर्टेन की मदद से उसे नियंत्रित करने के कार्य मे जुट गये। इस दौरान अग्निश्मन एवं सुरक्षा विभाग के बचाव दल ने दुर्घटना क्षेत्र से दो दुर्घटना ग्रस्त मजदूरों को निकाल कर चिकित्सा विभाग के एम्बुलेंस द्वारा उपचार केंद्र इफको तक पहुंचाने का कार्य किया। क्लोजिंग मीटिंग में संयुक्त - महाप्रबंधक संजय भंडारी जी, आई0ओ0ए0 अध्यक्ष संजय मिश्र, महामंत्री स्वयं प्रकाश जी, शम्भु शेखर, डॉ अनिता मिश्रा, एम डी मिश्रा, ए पी राजेन्द्रन , पी के सिंह, पी के पटेल , एस के पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, एस0 के0 शर्मा जी, डॉ देवाशीष दास के साथ ही एच0 पी0 कुशवाहा,अशोक मिश्रा, रविशंकर यादव व गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के आर0 के0 पाल,सुशील सरोज,कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया, समस्त संयुक्त महाप्रबंधक/उपमहाप्रबंधक, मुख्य चिकित्साधिकारी अनीता मिश्रा (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की मनाई गई जयंती

पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती लखनपुर स्थित मंडल महामंत्री राजीव तिवारी के आवास पर धूमधाम से सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।इस मौके पर पूर्व लोकप्रिय विधायक नीलम करवरिया ने अटल की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।श्रीमती नीलम ने कहा की अटल बिहारी बाजपेई कुशल राजनीतिज्ञ, प्रशासक, भाषाविद,कवि,पत्रकार और लेखक की पहचान रखते थे।वह स्वयं सेवक की विचार धारा में पले बढ़े थे।उनका सिद्धांत था कि लोगों की संवैधानिक ढांचे के अंतर्गत सभी अपेक्षाएं पूरी करना।यही उनका सुशासन था।जिसे भाजपा कार्यकर्ता उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री नाथू गुप्ता ,पूर्व मंडल अध्यक्ष रूप नारायण मिश्र ,नित्यानंद उपाध्याय, टुनटुन तिवारी,मंडल महामंत्री राजीव तिवारी एम राजू ,जितेंद्र शुक्ला,धीरज दुबे,पूर्व प्रधान संदीप तिवारी, अखिलेश अवस्थी महेश तिवारी के साथ मेजा मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

हमें लोगों का मन जीतने का प्रयास करना चाहिए - योगेश शुक्ल

पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्प चढ़ाकर नमन करते योगेश शुक्ला

मेजा रोड। युवाओं के लिए अटल बिहारी वाजपेई के ध्येय वाक्य मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े ,एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े ' युवाओं को अटल जी से प्रेरणा लेते हुए हर प्रकार की निराशा को दूर करना होगा। जीवन को टुकड़ों को देखने के बजाय पूर्णता में देखना होगा। हमारे कोई सपना टूटे तो हमे अगले सपने के काम करते रहना होगा।उक्त उद्गार भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर और देश के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में गुनई गांव में स्थित महाराज श्री दंडी स्वामी केशवाश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए अटल जी के जीवन, सिद्धांतो , विचारो और कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में बतौर मुख्य अतिथि विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ने अटल जी की एक और पंक्ति का उल्लेख करते हुए कहा हम सब को इंसान बनना होगा। केवल नाम से नही , केवल रूप से नही, केवल शक्ल से नही बल्कि हृदय से, बुद्धि से, ज्ञान से।योगेश शुक्ल ने बताया कि अटल जी कहते थे कि मन हारकर मैदान नही जीते जाते, न मैदान जितने से मन जीते जाते है। इसलिए हमें लोगों का मन जीतने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के शुरुआत में योगेश शुक्ल ने वहां उपस्थित जनसमुदाय के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी ,इस अवसर पर विनय शुक्ला पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य भाजपा नेता संजय तिवारी, पंकज राव प्रधान गहरपुर, अतुल द्विवेदी, आचार्य हिंछ लाल तिवारी, सूरज शुक्ल, सुरेंद्र मिश्र, तारकेश्वर दुबे, रजनीश तिवारी, हिमांशु पांडेय, उर्मिला आदिवासी, रेशमा आदिवासी, क्षमा पांडेय, सरमिला सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकताओं ने अटल बिहारी बाजपेई को किया शत-शत नमन

सहसों। भाजपा कार्यालय सहसों पर मण्डल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित स्व अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन के साथ शत शत नमन करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर विपेन्द्र सिंह पटेल ब्लॉक प्रमुख फूलपुर, गीता सिंह ब्लॉक प्रमुख सहसों, वीरेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर एवं अनिरुद्ध सिंह पटेल भाजपा गंगा पार जिला उपाध्यक्ष ने अटल बिहारी बाजपेई को शत शत नमन करते हुए सहृदय से श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन तथा उत्कृष्ट आदर्श पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित कार्यकताओं, पदाधिकारियों के बीच अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय सिंह ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से में नरेंद्र कुशवाहा, संतोष सिंह, राजेश कुमार सरोज, विमल मिश्र, महेश सिंह, मनोज तिवारी, शास्वत तिवारी, लवकुश बिंद, आलोक सरोज, वीरेंद्र शुक्ला, नागेंद्र शर्मा, राम शुक्ला, शिव बाबू केशरवानी, अनिल जयशवाल, लक्ष्मी कांत पांडे, त्रिभुवन सरोज, जितेन्द्र पटेल सहित आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में सहसों बाजार स्थित रामबाबू मोदनवाल के आवास पर भाजपा नेता राजधर द्विवेदी एवं मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज के नेतृत्व में एकत्रित होकर बाजार वासियों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को याद करते हुए शत शत नमन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना गया। जिसमें आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वास्थ्य, आयुर्वेद तथा सीटीसी, कालाजार रोगों और इसके निदान तथा योग के महत्व पर मन की बात को लोगों ने सुनी साथ ही साथ गंगा स्वच्छता मिशन पर नमामि गंगे प्रोजेक्ट और नमामि गंगे अभियान में जनभागीदारी पर विस्तार से चर्चा भी हुई। इस अवसर पर जयेश केसरवानी, गोल्डी साहू , सत्यम त्रिपाठी, छोटू केसरवानी, शिवम केसरवानी, रंजीत केसरवानी, श्याम बाबू हलवाई, राजेंद्र प्रसाद केसरवानी, सक्षम मोदनवाल, छोटू केसरवानी, राज केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी सहित आदि लोग उपस्थित होकर मन की बात को सुने।

अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर शिक्षामित्रों ने बनाई रणनीति

फूलपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ इकाई फूलपुर की एक बैठक रविवार को बीआरसी फूलपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई का जन्म दिवस मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ प्रयागराज के जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि अटल जी ने राजनीति के साथ ही साहित्य में भी अपनी एक पहचान बनाई । उनकी रचना हार नही मानूंगा, रार नही ठानूंगा से प्रेरणा लेते हुए शिक्षामित्र संघ आगे बढ़ने का काम करेगा। उन्होंने कहा की मंहगाई को देखते हुए सरकार शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाते हुए उनके हित में ठोस व सार्थक कदम उठाए । बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक अध्यक्ष नागेंद्र मोहन मिश्रा ने कहा आगामी 2 जनवरी को शिक्षा मित्र संघ अपने अधिकारों के लिए जनपद स्तर पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का काम करेगा। बैठक का कुशल संचालन संचालन राजकुमार यादव ने किया। बैठक में संतोष द्विवेदी, राम सिंह,मो० समीम, राकेश कुमार शोभनाथ पटेल, कुंद बली यादव सहित अन्य शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पट्टी, प्रतापगढ़। रविवार को पंडित अटल बिहारी वाजपेई जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस तथा मन की बात कार्यक्रम का आयोजन नगर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। पट्टी नगर स्थित विवाह मंडप में सभासद रामचरित्र बर्मा , जुग्गीलाल जायसवाल, आशीष खंडेलवाल तथा भाजपा नेता अशोक जायसवाल के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम को ध्यान से सुना और पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी और उनके बताए गए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया इस दौरान पट्टी क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

होली होजरी चर्च में गाया गया क्रिसमस कैरल

प्रभु यीषू का सुनाया गया संदेश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिश्चियन कॉलोनी सिविल लाइंस स्थित होली रोजरी चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने एक साथ मिलकर आनंद गीत क्रिसमस कैरल गया। माना जाता है कि क्रिसमस कैरल, प्रभु यीशु के जन्म के पूर्व, स्वर्ग दूधों की सेना के द्वारा एक उनके जन्म का संदेश गाकर के सुनाए गया था उन्हीं की स्मृति में प्रभु यीशु के जन्म के पूर्व क्रिसमस कैरल गाया जाता है।

आज ही के दिन रात्रि 11.30 बजे प्रभु यीशु के जन्म को मनाते हुए ईसाई समुदाय के लोग होली रोसरी चर्च में एकत्र हुए जहां पर सर्व प्रथम आनन्द गीत गाये गए तत्पश्चात प्रभु यीशु के जन्म का संदेश प्रार्थना के द्वारा लोगों को दिया गया। इस अवसर पर फादर आनन्द के0 वी0 जॉन ने लोगों को प्रभु यीशु का संदेश सुनाते हुए कहा कि उनका जन्म लोगों के पापों को दूर करने के लिए हुआ था वह परमेश्वर के पुत्र थे लेकिन परमेश्वर ने मानव जाति के पापों को मिटाने के लिए अपने इकलौते पुत्र को धरती पर भेजा था कि मानव जाति पाप मुक्त हो सके। अतः हमें प्रभु येसू मसीह के स्वागत सम्पूर्ण हृदय के साथ और शुद्ध हृदय के साथ तैयारी करनी चाहिए इस अवसर पर प्रार्थना सभा के साथ-साथ प्रार्थना के अंत में लोगों ने एक दूसरे को प्रभु के जन्म की बधाई दी। इस अवसर पर फादर ग्रेगरी, सिस्टर इसाबेला, सिस्टर विंसी, सिस्टर वीनू सिस्टर एलसी, अर्चित बनर्जी, गरिमा, माला डिसूजा, चंद्रा डिसूजा, रीता लियू, अनामिका अल्बिअन, अजय बनर्जी, हर्षित जूलियस, अजय एल्बियन, माइकल डिसूजा, ए0 डब्ल्यू जेम्स, अर्पित बनर्जी, अंथोनी जूलियस, अकर्शिता दास, सिंथिया दास, आशीष जूलियस, रॉबर्ट फ्रैंक, डॉ प्रशोभ पॉल डिसूजा आदि उपस्थित रहे।

क्रिश्चियन कालोनी के होली होजरी चर्च में कैरल गाते ईसाई समुदाय के लोग।

राजेश सिंह को मिला अधिवक्ता गौरव सम्मान, जताई गई खुशी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील परिसर में शनिवार की शनिवार की देर शाम अधिवक्ता उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त अधिवक्ता संघ के द्वारा विधिक क्षेत्र में योगदान के लिए कुछ अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कार्यक्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश सिंह को अधिवक्ता गौरव मानपत्र सौंपा। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता बेनीलाल शुक्ल , रामकिंकर शुक्ल, अरविंद त्रिपाठी आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश भर में अधिवक्ता के हितों की सुरक्षा के लिए जागरुकता एवं संघर्ष का अभियान जारी रहेगा। विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश सिंह रहें। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता विपिन शुक्ला ने किया। इस मौके पर विनय शुक्ला, नामवर सिंह, विकास मिश्रा, संतोष पाण्डेय, सतेंद्र श्रीवास्तव, प्रभाकर पाल, मो ईशा, शिव नारायण शुक्ला, शैलेन्द्र मिश्रा, अशोक शुक्ला, अनूप पांडेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक की आमने सामने टक्कर में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में मृतक का चचेरा भाई व पत्नी भी चोटिहिल हो गई।

उदयपुर थाना के खानपुर निवासी बलकार सिंह का पुत्र अरविंद कुमार सिंह उम्र (25) रविवार को करीब 11.30 बजे बाइक से अपनी पत्नी नीलू तथा चचेरे भाई सत्यम सिंह उम्र (15) पुत्र राजकरण सिंह के साथ अपनी ससुराल लीलापुर थाना क्षेत्र के गांव के हंडौर के समीप चैरिहन का पुरवा के लिए निकला था। सांगीपुर थाना के देने चैराहे के समीप चैहान मार्केट में सामने से आ रही एक बाइक से भिड़ंत हो गई। कल्याणपुर कला थाना सांगीपुर निवासी विश्वराम सरोज का पुत्र पंकज सरोज (27) भी अपनी बाइक से गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने पर सांगीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी में भर्ती कराया। अरविंद को चोट अधिक लगने के कारण डॉक्टरों ने देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थी। चिकित्सकों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में अरविंद की मौत की जानकारी घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है।

देश को नई राहत का रास्ता दिखाया अटल ने

नपाध्यक्षा प्रेमलता व पूर्व विधायक ने अटल जी को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धा सुमन देने हेतु बाबागंज के अटल पार्क आज प्रातः पहुंचे। उन्होंने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देष को एक नई दिशा में ले जाने का रास्ता दिखाया जिसका प्रतिफल है कि भाजपा आज देश ही नहीं, विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गया है।

नपाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि अटल जी की वाणी में जादू था जिसका लोहा सभी मानते हैं। अटल जी को याद करते हुए कहा कि उनकी कविताएं आज भी लोग गुनगुनाते हैं। पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा का मजबूत किला खड़ा करने की नींव अटल जी ने ही डाली थी। बाबागंज के अटल पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में क्षेत्रीय सभासद आषीष जायसवाल, नामित सभासद गायत्री शुक्ला के अलावा क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। रविवार को अपरान्ह में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंषुमान सिंह अपने समर्थकों के साथ अटल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

अटल पार्क में माल्यार्पण के बाद मौजूद नपाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

पूर्व प्रधानमंत्री ने देश को दी मजबूतीः सुब्रत पाठक

अटल जी की जयंती समारोह में दी शिरकत, छोटे सरकार ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। रविवार को अर्जुनपुर गांव में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती के अवसर पर आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में कन्नौज के सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक जी ने मुख्य अतिथि के रूप में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री पाठक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने देश को जो मजबूती दी है, आज उसी का परिणाम है कि विश्व के पटल पर देश की शान है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान रामपुर के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह छोटेसरकर व पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से कमल फूल के प्रतीक व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शुभम सिंह ने किया। दिनेश सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर देवी बक्श सिंह, जगदीश सिंह, नीरज सिंह, अजय सिंह, उमेश सिंह, सुरेश सिंह, प्रशांत वर्मा, शोभा लाल गौतम, अतुल सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण करते कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक।

समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों का हुआ सम्मान

कंबल पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पूरे काजी प्रतापगढ़ सिटी में बड़ी संख्या में उपस्थित जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर सर्दी से परेशान जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। समारोह में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले महानुभाव में डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न तथा रोशनलाल उमरवैश्य, आनंद मोहन ओझा, राधेश्याम दीवाना, राम मनोहर गौड़ तथा कई अन्य को समाज गौरव सम्मान से नवाजा गया।

कंबल वितरण समारोह का शुभारंभ भगवान बुध्द तथा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी सुरेश कुमार ने ट्रस्ट के कार्यों की आख्या प्रस्तुत करते हुए सभी का स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे पूर्व बाल न्यायाधीश व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि जाड़े का प्रकोप बढ़ रहा है जरूरतमंदों की सेवा के लिए वस्त्र आदि की व्यवस्था जरूरी है, यही सच्चा धर्म है। समापन अतिथि एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि पीड़ितों की पीड़ा मिटाना हर मनुष्य का कर्तव्य है सभी को मुक्तभाव से दान देना चाहिए। अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार राधेश्याम दीवाना ने कहा कि एडवांसमेंट ऑफ सोशियल ट्रस्ट महान कार्य कर रहा है ट्रस्ट का अनुकरण करना चाहिए। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा ने कहा कि स्वस्थ समाज ही सुखमय समाज है इसी की स्थापना का प्रयास करना चाहिए। संचालन विश्वनाथ प्रसाद गौड़ ने किया। समारोह को सफल बनाने में मातादीन, संगीता देवी, किशन चंद्र वर्मा, बच्चू लाल, लाल साहेब, सुशील कुमार, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, हरिलाल गौतम, सुमन गुप्ता (समीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन), संतोष कुमार गुप्ता, राकेश कुमार एडवोकेट, राशिद उल्लाह, महिमा नंद इत्यादि प्रमुख रहे।

जरुरतमंदों को कम्बल वितरित करते अतिथिगण।

व्यापार मंडल की बैठक के दौरान लिया गया बंदी का निर्णय

परियावां, प्रतापगढ़। रविवार को डाक बंगला नहर (कोठी) परियावाँ में व्यापार मंडल की एक बैठक की गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे बैठक के दौरान कई मामलों में निर्णय लिया जिसमें मुख्य रुप से बंदी को लेकर चर्चा की गई जिसमें मंगलवार को बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया वही उपस्थिति पारियों में व्यापारियों को शोषण को लेकर कई प्रकार की चर्चा बैठक के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में व्यापारी गण मौजूद रहे प्रमुख लोगों में श्रवण कुमार पांडे, अनंतराम गुप्ता, ओम प्रकाश, देवेंद्र कुमार, आकाश कुमार, सुरेश सिंह, रईस अहमद, पिंटू शुक्ला सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सिखों के दसवें गुरु धन धन श्री गुरु गोबिंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा रविवार को गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी व गुरुद्वारा नानकशाही बाबागंज से प्रातः छह बजे प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर में विभिन्न मार्गो में घूम कर शब्द कीर्तन हरि नाम के हीरे मोती, मैं दिखलावा गली गली लेलो रे कोई राम का प्यारा शोर मचावा गली गली गायन करते हुए नगर को भजन शब्द कीर्तन करते हुए नगर को गुरुबाणी से गुंनजाए मान कर रहे है।

प्रभात फेरी के गंतव्य पर पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाता है।। आज व कल माता गुजरी जी व चार साहिबजादो के शहीदी पर्व को समर्पित एक प्रतियोगिता गुरमत ज्ञान प्रतियोगिता का अयोजन गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज में शाम 5.00 से आयोजित की गई है जिसमे आज 3 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग करेंगे,एवम कल 26/12/2022को 11वर्ष से 20 वर्ष तक के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, सभी प्रतिभागियों को 29 दिसम्बर गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर कमेटी सम्मानित किया जाएगा। 29 दिसंबर 2022 को गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया जावेगा जिसमे विभिन्न अयोजन किए जाएंगे। 29 दिसम्बर को एक विशाल नगर कीर्तन (शोभा यात्रा) दोपहर बाद गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज से निकाली जावेगी जो नगर निर्मल पैलेस तिराहा चैक घंटाघर, श्रीराम तिराहा होते हुए शाम गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी पर समाप्त होगा सारे अयोजन गुरुद्वारा नानक शाही प्रबंधक कमेटी की देख रेख में सभी के सहयोग से सम्पन्न होगे।

नगर में निकली प्रभात फेरी में शामिल अतिथिगण।

जनपद में अटल प्रतियोगिता कल से, 12 को मैराथन रैली

भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अंषुमान सिंह ने रविवार को अपने जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि आगामी 27 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती के उपलक्ष्य में अटल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करेगी और 12 जनवरी 2023 को शहर के कम्पनी गार्डेन से मैराथन दौड़ आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेष स्तर पर आयोजित किया गया है।

जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों को आगे बताया कि अटल भाषण प्रतियोगिता में जिले स्तर से तीन विजेता क्षेत्र स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उसके बाद प्रत्येक क्षेत्र स्तर से तीन विजेता प्रदेष स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें जो तीन विजेता होंगे, उन्हें प्रदेष स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाषण प्रतियोगिता चार बिन्दुओं पर केन्द्रित होगी जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इण्डिया गुड गर्वनेंस पर जोर देता है, भारत पांच मिलियन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, समय की मांग मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण तथा प्रधानमंत्री का ध्यान युवाओं को सषक्त बनाने के लिये केन्द्रित है। पत्रकारवार्ता में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री काषी क्षेत्र वरुण प्रताप सिंह, नितीष श्रीवास्तव, सुजीत पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में बोलते भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंषुमान सिंह।

लोगों में भाईचारा कायम कर रही भारत जोड़ो यात्राः राजेश तिवारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एवं निकाय चुनाव की तैयारी बैठक कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिस का संचालन संजय पांडे ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राजेश तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा लोगों को जोड़ने भाईचारा आपस में प्रेम भाव भारत की एकता कायम रखने के लिए है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के एकमात्र ऐसे नेता हैं जो इतनी लंबी पदयात्रा कर रहे हैं। हम सब लोगों को मजबूती के साथ उत्तर प्रदेश में आने वाली पदयात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचना चाहिए। प्रदेश महासचिव मुकुल तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी की ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा में उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ से काफी संख्या में कांग्रेसी जनपद यात्रा में जाएंगे। जिला अध्यक्ष डॉक्टर लालजी त्रिपाठी ने कहा प्रतापगढ़ से सभी विधानसभा से ब्लॉकों से जिला शहर कमेटी के पदाधिकारी गण राहुल जी की पदयात्रा में जाएंगे। बैठक में पूर्व अध्यक्ष नरसिंह मिश्रा सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला पीसीसी सदस्य प्रशांत देव शुक्ला महिला अध्यक्ष सरोज कश्यप ने भी संबोधित किया। बैठक में नगर अध्यक्ष इरफान अली कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, रोहित कुमार शुक्ला, जमुना प्रसाद पांडे, लल्लन सिंह पूर्व अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, सुनीता सिंह पटेल अशोक सिंह, राम रतन तिवारी श्याम शंकर तिवारी ज्योति कुमार तिवारी दीपक तिवारी, अभय तिवारी, प्रशांत सिंह, संदीप तिवारी, वेदांत तिवारी जिला कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी आदि मौजूद रहे।

भारत जोड़ो यात्रा तैयारी बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

पट्टी के रमईपुर दिशिनी में अटल जयंती समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। रविवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान क्षेत्र के कई संभ्रांत लोग तथा अभिभावक मौजूद रहे। पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर दिशिनी स्थित भगवती प्रसाद इंटरमीडिएट कालेज तथा बीपी मंदिर प्रांगण में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई पुष्पांजलि प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने पंडित अटल बिहारी वाजपेई के उदार व्यक्तित्व तथा उनकी कार्यशैली को याद करते हुए उन्हें भारत का सबसे सफल प्रधानमंत्री बताया और कहा कि उन्होंने अपने मूल्यों तथा आदर्शों के साथ कभी समझौता नहीं किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतापगढ़ के सांसद पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस सुशासन दिवस पर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की चर्चा करते हुए उनके आदर्शों और मूल्यों को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूर्णांशु ओझा ने उनके इतिहास पर उनके कार्यों तथा जीवन शैली पर प्रकाश डाला और उसे अनुकरणीय बताया। प्रोफेसर शिवाकांत ओझा ने पंडित अटल बिहारी वाजपेई के साथ अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए उन्हें याद किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह पंडित अटल बिहारी वाजपेई को भविष्य द्दष्टा तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रधानाचार्य डॉ निशाकांत ओझा पूर्व प्रधान संतोश ओझा, राकेश कुमार, वैसे शिवपूजन, सुभाष चंद्र, चंदन सुधांशु, सौरव, सोमनाथ, राजेंद्र ओझा, अंकित ओझा, मनीष ओझा, शांतनु अच्छेलाल, गणेश सिंह, रामआसरे सिंह अरुण शुक्ला उमा शंकर पाल सीताराम वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

ठंड से ठिठुर रहे गरीब चहेतों के यहां जल रहे अलाव

भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी में अलाव की लकड़ी में भी कर्मचारियों ने हेराफेरी करना शुरू कर दिया है अधिकारियों को गुमराह कर अलाव जलाए जाने की रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है जबकि अलाव की लकड़ी नगर पालिका के कर्मचारी अपने चहेतो के यहां गिरा कर पुआल से अलाव जलाकर फोटो खींचकर अपनी पीठ थपथपाने में मशगूल दिखाई पड़ रहे हैं जिससे नगर के गरीब कमजोर और ठंड से ठिठुर रहे राहगीरों में आक्रोश व्याप्त है अलाव की लकड़ियां गिराने के बाद पुआल से उसे जलाकर फोटो खींचकर कार्यालय को भेजी जा रही है और कुछ देर बाद अलाव की लकड़ी बुझ जाती है जिससे लोगों की ठंड नहीं दूर हो रही है नगर के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए सार्वजनिक स्थलों रेलवे स्टेशन बस स्टॉप चौराहा अस्पताल सहित गरीब कमजोर बस्ती में अलाव जलाए जाने की मांग की है।

भारत रत्न अटल जी ने मजबूत भारत की संकल्पना को दिया मूर्त रूप : सीमा द्विवेदी

भाजपा जिला कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनाया पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई जयंती

अखंड भारत संदेश

कार्यक्रम में उपस्थित नेतागण

कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य व पूर्व प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई ने एक ऐसा व्यक्तित्व पेश किया था जिसके सामने पूरा देश यह कहने के लिए और सोचने के लिए मजबूर हो जाता था कि उनका कोई विपक्ष नहीं है। उन्होंने मजबूत नैतिकता के सहारे दो सदस्य वाली पार्टी को वह रास्ता दिखाया कि आज वह दुनिया की सबसे बड़े कार्यकताओं वाला दल है। आज पूरा देश उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना कर अपने आप में गर्व महसूस करता है। उक्त बातें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कही इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद व राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन ऐसा रहा है कि उस पर आज तक किसी प्रकार का दाग नहीं रहा है। उनके जीवन से भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता प्रेरणा लेता है और उन्हीं का दिखाया हुआ यह रास्ता है जो आज पूरे देश में राष्ट्रीयता और एकात्म वाद की विचारधारा शासन में है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो सरकार चलाते हुए देश के लोगों की सेवा कर रही है उसका रास्ता देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने ही दिखाया था। आज देश उनके जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए गर्व की अनुभूति करता है। इस मौके पर आयोजित बैठक को राष्ट्रीय मंत्री व सांसद विनोद सोनकर तथा जिला अध्यक्ष अनिता त्रिपाठी ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रभारी अनिल सिंह, शीतला प्रसाद पटेल, लाल बहादुर चौधरी, धर्मराज मौर्य, ब्रह्मप्रकाश त्रिपाठी, संजय जयसवाल, वेद प्रकाश सत्यार्थी, चक्रेश मिश्रा, राकेश पाण्डेय, रमेश पाल, कमल कुशवाहा, करुणेश त्रिपाठी, अलोक तिवारी, दिलीप अग्रहरी, महेश लोधी, ज्योति केशरवानी, संगीता सरोज, सत्यम केशरवानी, हरेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंप हाउस से मोटर पंखा केबल चोरी तैनात कर्मचारी के गायब होने के मामले पर खड़े हो रहे सवाल

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर स्थित सरकारी पंप हाउस में मुन्नालाल पुत्र महेश प्रसाद निवासी मातपुर मनौरी थाना पुरामुफ्ती कर्मचारी के पद पर कार्यरत है वह पंप हाउस से अपनी ड्यूटी छोड़कर अक्सर घर चले जाते हैं 24 दिसंबर को पंप हाउस से 25 केवीए की विद्युत मोटर केबल पंखा आदि सामान चोर उठा ले गए हैं उनको मोबाइल फोन से घटना की जानकारी मिली है घटना के वक्त पंप हाउस के कर्मचारी मुन्ना लाल मौजूद नहीं थे मामले की सूचना मुन्ना लाल ने चरवा थाना पुलिस को दिया है एक तरफ पुलिस चोरी गए विद्युत मोटर केबल पंखे की खोज कर रही है लेकिन विभाग के अधिकारियों ने अभी तक अपने कर्मचारी के लापरवाही के कारनामों को संज्ञान नहीं लिया है अब सवाल उठता है कि पंप हाउस का कर्मचारी किसके आदेश पर पंप छोड़कर गायब हो जाता है सरकारी संपत्ति के चोरी के मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को विभागीय अधिकारियों ने अभी तक निलंबित कर उसकी विभागीय जांच नहीं शुरू कराई है जिससे पंप हाउस से विद्युत मोटर केबल पंखा चोरी जाने के मामले में विभागीय अधिकारियों की भी भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

न्यूज झरोखा

तहसीलदार ने सुनी कोखराज थाने में फरियादियों की बात

कोखराज कौशाम्बी। थाना कोखराज समाधान दिवस में सिराथू तहसीलदार सन्तोष कुमार ,व एसओ कोखराज तेज बहादुर सिंह चन्देल ने फरियादियों की समस्याओं को सुना वा निस्तारण करने के लिए सर्किल के सभी लेखपालों को आदेश दिया वही मौके पर लगभग पाँच मामलों का निस्तारण किया बाकी मामलों में लेखपाल द्वारा मौके पर जा कर मामलों को न्याय संगत निपटारा कराने का आदेश लेखपालों को दिया गया मौके पर एसओ कोखराज तेजबहादुर सिंह चन्देल,मो जमीर,महेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी मूरतगंज राकेश रॉय ,लेखपाल,रियाज अहमद,लोकनाथ पांडेय,साधना सिंह,रितेंद्र प्रशाद, कुलदीप, सुमित केशरवानी,अंकित कुमार,अशोक द्विवेदी, पूनम मौर्य,आदि लोगों की उपस्थिति रही।

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों के बीच हुआ क्रिकेट मैच

भरवारी कौशाम्बी। क्रिसमस की पूर्व संध्या के अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के शिक्षकों के बीच क्रिकेट मैच हुआ। शिक्षकों के ग्रुप ए टीम के कप्तान वरिष्ठ शिक्षक सुधाकर सिंह व टीम बी के कप्तान शिक्षक विवेक शंकर चतुवेर्दी रहे।मैच का उद्घाटन प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने बल्लेबाजी करके किया व गेंदबाजी वरिष्ठ पत्रकार राजू सक्सेना ने किया। टॉस टीम ए के कप्तान सुधाकर सिंह ने जीता लेकिन पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।टीम ए की तरफ से पहला ओवर शिक्षक सुशील श्रीवास्तव ने किया जिन्होंने पहले ही ओवर में दो विकेट लेकर कप्तान के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के निर्णय को सही साबित किया।टीम बी ने निर्धारित ओवर में 7 विवेक खोते हुए 42 रन बनाए।टीम ए की तरफ से बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान सुधाकर सिंह की सूझबूझ भरी पारी व खिलाड़ी सुशील श्रीवास्तव की पहली ही गेंद में छक्का लगाकर धमाकेदार बल्लेबाजी एवं शिक्षक सूरज मिश्रा की बालिंग और बैटिंग की बदौलत टीम बी द्वारा दिए गए 42 रन के टारगेट को आसानी से हासिल कर जीत दर्ज किया।प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने टीम ए के कप्तान सुधाकर सिंह को जीत की बधाई दिया।टीम ए की तरफ से सुधाकर सिंह,सुशील श्रीवास्तव,सूरज मिश्रा,पियूष एवं केशरी आदि रहे एवं टीम बी की तरफ से विवेक शंकर चतुवेर्दी,राकेश कुमार सिंह,विवेक केशरवानी,शिवम केशरवानी एवं आशीष सिंह आदि खिलाड़ी रहे।खेल शिक्षक सुधाकर सिंह ने बताया कि सत्र का अंतिम और निर्णायक मैच भवन्स मेहता डिग्री कालेज और भवन्स मेहता विद्याश्रम के शिक्षकों के बीच बहुत ही जल्द खेला जाएगा।

3 महीने से चाचा भतीजे लापता नहीं लगा सुराग

गायब लोगो को खोजने के बजाय आवाज उठाने वाले गायब युवक के भाई को ही पुलिस ने शांतिभंग में कर दिया चालान

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव की एक बालिका न्याय पाने के लिए दर दर की ठोकर खा रही है बालिका के चाचा और भाई को गांव के लोग 3 महीने पहले बुला कर ले गए हैं लेकिन 3 महीने बीत जाने के बाद गायब चाचा भतीजे वापस नहीं लौट सके हैं नाबालिग दलित बालिका थाना पुलिस चौकी से लेकर डीएम एसपी की चौखट पर शिकायती पत्र देकर गायब अपने चाचा और भाई को खोजने की फरियाद कर चुकी है लेकिन बार-बार शिकायती पत्र देने के बाद थाना पुलिस ने बालिका की आवाज दबाने के उद्देश्य से उसके एक भाई को शांतिभंग में चालान कर दिया है न्याय पाने के लिए बालिका जिला पंचायत अध्यक्ष के दरबार में शनिवार को फरियाद कर रही थी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव की रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग दलित बालिका रोशनी देवी ने बताया कि उसके पिता की पहले मौत हो चुकी है और माता दिमाग की कमजोर है उसके चाचा ननका सोनकर और भाई छोटू उम्र 14 वर्ष को जमीनी विवाद के बीच गांव के कुछ लोग 3 महीने पहले बुला कर ले गए थे लेकिन उसके चाचा ननका सोनकर और भाई छोटू सोनकर वापस नहीं लौटे है गायब दोनों लोगों के वापस न लौटने से बालिका को अनहोनी की आशंका है जिस पर वह लगातार थाना पुलिस चौकी पुलिस से लेकर अधिकारियों के चौखट पर फरियाद कर खोजने की मिन्नत कर रही है घटना को 3 महीने बीत जाने के बाद भी आरोपियों को पकड़ कर उनसे पूछताछ करना उनके मोबाइल को सर्विलांस में लगाकर कॉल डिटेल निकलवाने की कोशिश थाना पुलिस ने नहीं किया है बल्कि शिकायती पत्र देने वाली दलित नाबालिग बालिका रोशनी देवी के भाई से ही थाना पुलिस से शांति भंग का खतरा होने लगा और बालिका के भाई को बीते सप्ताह पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया है इस बात को चौकी इंचार्ज टेवा स्वीकार भी कर रहे हैं पुलिस से न्याय मांगने पर आखिर कब तक थाना पुलिस गरीब कमजोर मजलूम लोगों की आवाज दबाने का प्रयास करती रहेगी गायब लोगों के परिजनों को शांतिभंग की धारा में चालान करने के मामले में यदि पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो थाना पुलिस और चौकी पुलिस के कारनामे उजागर होंगे।

इनामिया अभियुक्त तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी मझनपुर के पर्यवेक्षण मे थाना करारी पुलिस बल द्वारा पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित पंद्रह हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त गुड्डू पुत्र तुफान निवासी रहीमपुर मौलानी थाना करारी को उखैया खास से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त रामबाबू पुत्र शारदा प्रसाद निवासी बल्लोपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ-7 से बचाव व उपचार के लिए जनपद तैयार : सीएमओ

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ-7 से बचाव व उपचार के लिए जनपद स्तर पर तैयारी तेज कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुषेंद्र कुमार ने बताया कि ₹सभी स्वास्थ्य इकाई पर मानक अनुसार ड्यूटी रोस्टर तैयार कर लिया गया है। सभी चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ को पीडियाट्रिक कोविड केयर में भी परीक्षण दिया गया है। प्राथमिक तौर पर कोरोना के सर्वाधिक खतरे वाले स्थानों पर क्लस्टर सैंपलिंग कराई जाएगी। इसमें आशा कार्यकताओं की मदद से सर्दी- जुकाम व बुखार वाले लोगों को चिन्हित कर उनकी भी जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि ₹ विदेश यात्रा से लौटे लोगों पर नजर रखी जा रही है और उनकी कोविड जांच भी की जाएगी। जनपद के सभी बीएफ.7 लक्षण युक्त मरीजों के सैंपल जांच के लिए लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) लैब भेजी जाएगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने कोरोना के नए वैरिएंट बीएफ.7 से बचाव व उपचार के लिए शासनादेश जारी किया गया है। महानिदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने निर्देशित दिया है की सभी जिला अस्पताल जिन्हें उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेजों में तब्दील किया गया है। उसे डेडिकेटेड कोविड अस्पताल बनाने के लिए चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करें। इन कोविड अस्पतालों का संचालन संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमान की अध्यक्षता में गठित राज्य सलाहकार कमेटी के सुझावों के अनुसार किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि ह्व जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों की बात करें तो 300 बेड की व्यवस्था है इसमें आईसीयू बेड भी हैं। वहीं पिडियाट्रिक कोविड केयर में कुल 80 बेड व 18 आईसीयू/एचडीयू बेड,9 वेंटिलेटर, 2 एनएफएनसी, 19 बाइपेप,124 ऑक्सीजन सिलेन्डर (डी टाइप) व 161 (बीटाइप) हैं।10 लीटर के 116 व 5 लीटर के 119 कुल ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर की व्यवस्था है। ऑक्सीजन प्लांट जिला अस्पताल में 3 है जिसमें कोविड एल टू हॉस्पिटल में एक ऑक्सीजन प्लांट एक हजार एलपीएम का है। दूसरा ऑक्सीजन प्लांट बैकअप के लिए 500 एलपीएम का है। तीसरा ऑक्सीजन प्लांट 1000 एलपीएम है जो जाच्चा बच्चा विंग के लिए स्थापित है। कोविड एल वन प्लांट चिकित्सालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंझनपुर विस्तार पटल में 500 एलपीएम प्लांट स्थापित है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में 500 एलपीएम का ऑक्सीजन प्लांट स्थापित है। वहीं चौथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायअकिल में ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था है।

विद्युत विभाग द्वारा जन समस्यायों की अनदेखी बर्दाश्त नही : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

फाजिलपुर गोपालपुर की बाधित विद्युत आपूर्ति को लेकर घाटमपुर उपकेंद्र का सकिपा ने किया घेराव

प्रदर्शन करते समर्थ किसान पार्टी नेता

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने विद्युत विभाग द्वारा जन समस्यायों की अनदेखी करने पर आक्रोश जाहिर किया है। साथ ही अनदेखी नहीं रुकने पर कार्यकताओं के साथ सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है। ग्राम फाजिलपुर गोपालपुर में खंभा टूटने से पिछले कई दिनों से गांव की बाधित विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकताओं ने घाटमपुर उपकेंद्र के जिम्मेदारों से शिकायत की थी। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी विद्युत उपकेंद्र घाटमपुर के जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया। जिम्मेदारों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिए जाने से ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता परेशान थे। शनिवार को जैसे ही इसकी जानकारी किसान नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी को हुई, तत्काल पार्टी कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के साथ विद्युत उपकेंद्र घाटमपुर पहुंचे और घाटमपुर उपकेंद्र का घेराव किया। मौके पर मौजूद मिले विभाग के जिम्मेदारों को जन समस्या की अनदेखी करने पर जमकर खरी खोटी सुनाई। साथ ही विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता अंकित कुमार से फोन पर शिकायत की और तत्काल फाजिलपुर गोपालपुर की विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की। इसी के साथ जन समस्याओ की अनदेखी करने की जिम्मेदारों की आदत में सुधार लाने की आवाज उठाई। जिस पर अधिशाषी अभियंता ने तत्काल समुचित कार्यवाही करने का अजय सोनी को फोन पर आश्वासन दिया। इस मौके पर मौजूद रहे लोगों एवं पार्टी कार्यकताओं से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा जन समस्यायों की अनदेखी की गई तो इसे बर्दाश्त नही किया जाएगा और विद्युत विभाग के खिलाफ सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुरजीत वर्मा, शिवबाबू मौर्य, रामधनी कुमार, इरशाद अहमद, कलीम अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

किसान की लात जूतों से की पिटाई, थाने में दी सूचना

बेरूवा कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के अमनी गांव निवासी बलराम सिंह पुत्र शारदा प्रसाद के खेत की मेड़ गांव के कुछ लोग तोड़ रहे थे जिस पर बलराम ने उन्हें खेत की मेड़ तोड़ने से मना किया है जिससे आक्रोशित दबंगों ने बलराम को गाली गलौज करते हुए लात जूता से पिटाई कर दी है हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लोगो को आता देख दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए हैं मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को पीड़ित ने दी है।

जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों रजवान अहमद पुत्र लल्लन निवासी सिरोही थाना कोखराज धीरेन्द्र सिंह पुत्र राजा सिंह निवासी कृष्णा डोली थाना चरवा मो0 मोसिफ अहमद पुत्र मोहिद्दीन निवासी सकाड़ा थाना कोखराज व तनवीर अहमद पुत्र फरमूद अहमद निवासी महमदपुर थाना कोखराज को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 4300 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 4730 रुपए बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

दो बेकसूर छात्रों को 3 दिन से पुलिस ने दे रही है यातनाएं

अखंड भारत संदेश

आखिर रहीमा बाद चौकी इंचार्ज अपनी कार्यवाही से अपने अधिकारियों को आखिर क्यों गुमराह करते हैं

कौशांबी। पुलिस महकमे में आला अधिकारियों के परिवर्तन के बाद भी थाना और पुलिस चौकी के पुलिस कर्मी अपने कार्यशैली में सुधार करते नहीं दिख रहे हैं आए दिन निदोर्षों को पकड़कर उन्हें यातनाएं देना फिर उनसे धन लेकर उन्हें बेकसूर बताते हुए छोड़ देना थाना और चौकी पुलिस का प्रतिदिन का खेल हो चुका है थाना पुलिस के अत्याचार से बेकसूर लोग प्रताड़ित हो रहे हैं पिपरी थाना क्षेत्र के रहीमाबाद चौकी इंचार्ज ने दो बेकसूर लोगों को 3 दिन पहले गिरफ्तार कर लिया 3 दिन से लगातार चौकी पुलिस युवको को यातनाएं देकर जुर्म कबूल करवाने का प्रयास कर रही है लेकिन जिस गुनाह को युवको ने किया ही नहीं है तो युवक उसे स्वीकार कैसे कर ले लेकिन चौकी पुलिस है कि अपनी जिद पर अड़ी है और उन्हें लाठियों से पीट-पीटकर गुनाह कबूल करने के लिए विवश कर देगी 3 दिन से चौकी में निदेशों के ऊपर लाठी चटकाए जाने के मामले में पिपरी थाना पुलिस को भनक तक नहीं लगी है आखिर रहीमा बाद चौकी इंचार्ज अपनी कार्यवाही से अपने अधिकारियों को आखिर क्यों गुमराह करते हैं गिरफ्तारी किए जाने के बाद अधिकारियों तक मामला क्यों नहीं पहुंच पाता है यह तमाम सवाल चौकी इंचार्ज के कार्यों पर सवाल खड़े कर रहे हैं बोते 3 दिन से चौकी पुलिस की हिरासत में मौजूद धर्मवीर और प्रदीप कुमार नामक दोनों युवकों के बाबत जब अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की है निदोर्षों पर पुलिसिया लाठी चटकाए जाने और उन पर पुलिसिया जुल्म ज्यादती के मामले में यदि पुलिस आला अधिकारियों ने जांच कराई तो चौकी इंचार्ज के अवैध वसूली के खेल का भंडाफोड़ होना तय है।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 167 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहनों से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

न्यायालय के आदेश पर तहसील कर्मियों ने अवैध निर्माण ढहाया



अझुवा कौशाम्बी। आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 2 अम्बेडकर नगर में न्यायालय के आदेश पर तहसील कर्मियों ने अझुवा पुलिस चौकी के सहयोग से अवैध निर्माण को ढहा दिया है। तहसील प्रशासन के अनुसार हरिश्चन्द्र पुत्र स्व. ननका ने नगर पंचायत की आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा कर दीवार खड़ी कर लिया था जिसका विपक्षी अमर पुत्र स्व राममनोहर मौर्य ने सिविल कोर्ट में मुकदमा पंजीकृत करवाया था जिसका पिछले दिनों ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था आज रविवार 25 दिसम्बर को पुलिस बल के सहयोग से तहसील कर्मी लेखपाल अंसार अहमद और उनकी टीम ने लगभग एक विस्वा में अवैध निर्माण को मजदूरों से ध्वस्त करवा दिया है वहीं वार्ड के निवासियों के अनुसार ये पट्टीदारों का मामला है एक पट्टीदार की शिकायत मुकदमा से दूसरे का अवैध निर्माण ढहा दिया गया जबकि वादी के कब्जे के विषय मे तहसील कर्मियों ने बताया उसका ध्वस्तीकरण का आदेश नही है जब ध्वस्तीकरण का आदेश आएगा उसे भी ढहा दिया जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर सांसद ने किया अर्पित श्रद्धासुमन

अखंड भारत संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अधिकारी

कौशाम्बी। सासद विनोद सोनकार ने आज उद्यन सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं सुशासन सप्ताह-प्रशासन गॉव की ओर के समापन समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया सांसद ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी पं0 मदन मोहन मालवीय एवं महाराजा बिजली पासी के जन्म जयंती पर सभी को बधाई दी उन्होने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह देश कुछ नेताओं व नौकरशाहो का ही नहीं बल्कि 135 करोड़ भारतवासियों का है। उन्होंने कहा कि यह सभी के मन में भाव होना चाहिये कि यह देश मेरा है देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है सांसद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सड़क दुर्घटना में लगभग 5 लाख लोगों की मृत्यु होती है, जिसमें सर्वाधिक युवा है यह देश की बहुत बड़ी क्षति है उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम निरंतर रूप से किया जाय, इसे अपने दिनचर्या में शामिल किया जाय। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि अपनी ड्यूटी को देश का आम नागरिक बनकर करें सुशासन का लक्ष्य तभी पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में लगभग 362 जन कल्याणकारी योजनायें संचालित हो रही है उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत डीबीटी के माध्यम से एक लाख 82 हजार करोड़ रुपए का लिकेज रोका गया है, यह पारदर्शी प्रक्रिया का ही परिणाम है।

जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि शासन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्रदेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है, इस सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम किये गये है उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अन्तिम पायदान पर खडे. व्यक्ति को लाभान्वित करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आय जाति निवास प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है तथा इसी कड़ी में शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय का निर्माण कराकर पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गयी है, जिससे अब गांव के लोगों को तहसील व कलेक्ट्रेट नहीं आना पड़ेगा, उनके गांव में ही सुविधा मिल जायेगी उन्होनें कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप घरौनी बनाया जा रहा है, जिससे भूमि विवाद खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि अन्तिम पायदान के व्यक्ति को लाभान्वित किया जाय। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने कार्यकाल में सुशासन के लिए अनेक नवाचार प्रारम्भ किये थे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्व0 अटल विहारी जी के जन्म जयन्ती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रान्ति के माध्यम से सुशासन के लक्ष्यो को प्राप्त कर सकते है उन्होंने कहा कि आईजीआरएस एवं 1090 के द्वारा आमजन की समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन दर्शन एवं आदर्शो पर चलकर सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेन्द्र कृष्ण नारायण ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन दर्शन एवं सुशासन पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा ई-डीएम कीर्त कुमार ने सोशल मीडिया एवं अन्य तकनीकी प्लेटफार्मो से आमजन को प्रदान की जा रही सुविधाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी सुस्पेन्द्र कुमार सभी उप जिलाधिकारीगण व क्षेत्राधिकारी गण एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

निरोधात्मक कार्यवाही में 15 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से चार, थाना पश्चिम शरीरा से एक, थाना महेवाघाट से तीन थाना कोखराज से तीन थाना सैनी से तीन कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

शराब के साथ दो गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शारदा पुत्र पसराम निवासी ऐमावारी थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुखलाल पुत्र तुलसी राम निवासी अमिरसा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

एलिवेटेड फ्लाई ओवर य बाईपास की मांग को लेकर नगर वासियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

सांसद ने कहा कि अझुवा में कोई भी कार्य लाठी के बल पर या पुलिस बल के साथ नही होना चाहिए

सांसद को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

अझुवा कौशाम्बी। राष्ट्रीय राजमार्ग के अझुवा नगर के हाईवे चौड़ीकरण से प्रभावित लोगो ने सांसद विनोद सोनकर से सिंगल पिलर एलिवेटेड फ्लाई ओवर (हंडिया तर्ज) या बायपास की मांग करते हुए सांसद को ज्ञापन सौंपा जिस पर सांसद ने ठल्लक के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जब तक अझुवा नगर के लोगो की समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक अझुवा में हाईवे चौड़ीकरण से संबंधित किसी भी कार्य पर रोक लगवाते हुए पीङ्क डीङ्क को निर्देशित किया कि अझुवा में कोई भी कार्य लाठी के बल पर या पुलिस बल के साथ नही होना चाहिए। सांसद ने अझुवा नगर वासियों को यह आश्वासन देते हुए कहा कि अझुवा नगर में ऐसा कोई भी कार्य नही होगा जिससे नगर के लोगो का कोई अहित हो इसके लिए उन्होंने सरकार से भी बात करने के लिए कहा है इस दौरान सौरभ केसरवानी, मुन्ना जहाजी, राजू अग्रहरि,आदित्य केसरवानी, सिकंदर लहरी, विपिन मोदनवाल, धीरू केसरवानी, ज्ञानदेव, धनंजय केसरवानी, संजय केसरवानी, सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

संपादकीय

वीर बाल दिवस: बलिदान को नमन व प्रेरणा लेने का दिन

डॉ. पवन सिंह

सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का स्मरण आते ही हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और मस्तक श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु गोविंद सिंह भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करने वाले उन महानायकों में से हैं जिन्होंने हमारे लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। सिख इतिहास शहादत की लाजवाब मिसाल है। 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों "साहिबजादों " के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिये "वीर बाल दिवस" के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दिन वास्तव में उनकी शहादत को नमन करने व उनके जीवन से प्रेरणा लेने का दिन है। सरसा नदी पर बिछड़ गया परिवारः 20 दिसम्बर, 1704 की वो रात गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने परिवार और 400 अन्य सिखों के साथ आनंदपुर साहिब का किला छोड़ दिया था। उस रात भयंकर सर्दी थी और बारिश हो रही थी। सेना 25 किलोमीटर दूर सरसा नदी के किनारे पहुंची ही थी कि मुगलों ने रात के अंधेरे में धोखे से आक्रमण कर दिया। बारिश के कारण नदी उफान पर थी। कई सिख बलिदान हो गए। कुछ नदी में बह गए। इस अफरा तफरी में परिवार बिछड़ गया। माता गुजरी और दो छोटे साहिबजादे गुरु जी से अलग हो गये। दोनों बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ ही थे। साहिबजादों का बलिदानः उस रात गुरु जी ने एक खुले मैदान में शिविर लगाया ।अब उनके साथ दोनों बड़े साहिबजादे और कुछ सिख योद्धा थे। अगले दिन जो युद्ध हुआ उसे इतिहास में इं३३ी ड्ड उँ'४१ ररुं के नाम से जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी 40 सिख फौजों के साथ चमकौर की गढ़ी एक कच्चे किले में 10 लाख मुगल सैनिकों से मुकाबला करते हैं। एक-एक सिख दस लाख मुगलिया फौज पर भारी पड़ता है। गुरु गोविंद सिंह जी के बड़े बेटे जिनकी उम्र मात्र 17 वर्ष की है साहिबजादा अजित सिंह ने मुगल फौजों में भारी तबाही की, सैकड़ों मुगलों को मौत के घाट उतारा लेकिन दस लाख मुगलिया फौजों के सामने साहिबजादा अजित सिंह बलिदान हो गए। छोटे साहिबजादे जिनकी उम्र मात्र 14 वर्ष की है, बड़े भाई के बलिदान को देखते हुए पिता गुरु गोविंद सिंह जी से युद्ध के मैदान में जाने की अनुमति मांगी। एक पिता ने अपने हाथों से पुत्र को सजाकर युद्ध के मैदान में भेजा। लाखों मुगलों पर भारी साहिबजादा जुझार सिंह ने युद्ध में दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिये और लड़ते -लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए। ...पर धर्म नहीं बदला : साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। वजीर खां ने फिर पूछा, बोलो इस्लाम कबूल करते हो? छह साल के छोटे साहिबजादे फतेह सिंह ने नवाब से पूछा अगर मुसलमान हो गए तो फिर कभी नहीं मरेंगे न? वजीर खां अवाक रह गया। उसके मुंह से जवाब न फूटा तो साहिबजादे ने जवाब दिया कि जब मुसलमान हो के भी मरना ही है , तो अपने धर्म में ही अपने धर्म की खातिर क्यों न मरें। दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवाने का आदेश हुआ। दीवार चिनी जाने लगी। जब दीवार 6 वर्षीय फतेह सिंह की गर्दन तक आ गयी तो 8 वर्षीय जोरावर सिंह रोने लगा। फतेह ने पूछा, जोरावर भाई रोते क्यों है। जोरावर बोला, रो इसलिए रहा हूं कि दुनिया में आया मैं पहले था पर कौम के लिए शहीद तू पहले हो रहा है। इन दोनों बालकों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस प्रकार गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद हो गया। उसी रात माता गुजरी ने भी ठंडे बुर्ज में प्राण त्याग दिए । दिसंबर मास के इस अंतिम सप्ताह को भारत के इतिहास में 'शहीदी सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है। जमीन पर सोने की परंपराः दिसंबर के इस अंतिम सप्ताह में श्रद्धावानों द्वारा जमीन पर सोने की परंपरा है। क्योंकि माता गुजरी ने 25 दिसम्बर की वो रात दोनों छोटे साहिबजादों के साथ वजीर खां की गिरफ्त में सरहिन्द के किले में ठंडी बुर्ज में गुजारी थी और 26 दिसम्बर को दोनो बच्चे शहीद हो गये थे। 27 तारीख को माता गुजरी ने भी अपने प्राण त्याग दिए थे। नानकशाही कैलेंडर के अनुसार श्रद्धालु 20 से 27 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह भी मनाते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारों व घरों में कीर्तन और पाठ करते हैं। साथ ही बच्चों को गुरु साहिब के परिवार की शहादत के बारे में भी जानकारी दी जाती है। गुरु पुत्रों के बलिदान की यह कहानी आज की पीढ़ी को अपने देश से, धर्म से, संस्कृति से व अपने वतन से प्रेम करने का सन्देश देती है। आज का दिन साहिबजादों के साहस और न्याय के प्रति उनके संकल्प के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। माता गुजरी, गुरु गोबिंद सिंह जी एवं चारों साहिबजादों की वीरता तथा आदर्श लोगों को साहस व शक्ति प्रदान करते हैं। वे अन्याय के आगे कभी नहीं झुके। उन्होंने एक ऐसे विश्व की कल्पना की, जो समावेशी और सामंजस्यपूर्ण हो। यह समय की मांग है कि अधिक से अधिक लोग उनके बारे में जानें। आइये, वीर बाल दिवस पर गुरु पुत्रों के प्रेरक जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाएं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

एमपी की सियासत में पुराने हुए शिवराज

इससे पहले एमपी की सियासत में मुख्यमंत्री और वह भी शिवराज सिंह चौहान के चेहरे को बदलने की चचाओं में इतनी गति नहीं रही।दरअसल एमपी की राजनीति में अब शिवराज का चेहरा पुराना हो गया है। लंबे समय से जो चेहरा मतदाताओं में आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। क्या अब उस चेहरे की चमक कम हो चली है ? क्या जनता के मध्य मामा शिवराज अब उतने लोकप्रिय नहीं रहे जो भाजपा को 2023 में सत्ता के सिंहासन पर पहुचाने का कारण बन सके ? वें कौनसे कारण है जो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के चेहरे को परिवर्तन किये जाने की हवा दे रहे है ?

नरेंद्र तिवारी

भाजपा मध्यप्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने जा रही है। यह चर्चा अब आम हो गयी है। चेहरे का परिवर्तन बीजेपी का आंतरिक मामला है। इस पर भाजपा आलाकमान कब निर्णय लेता है। इस प्रकार का कोई निर्णय लेता भी है या नहीं पर जिस तेजी के साथ अब यह चर्चा चल रही है। इससे पहले एमपी की सियासत में मुख्यमंत्री और वह भी शिवराज सिंह चौहान के चेहरे को बदलने की चचाओं में इतनी गति नहीं रही।दरअसल एमपी की राजनीति में अब शिवराज का चेहरा पुराना हो गया है। लंबे समय से जो चेहरा मतदाताओं में आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। क्या अब उस चेहरे की चमक कम हो चली है ? क्या जनता के मध्य मामा शिवराज अब उतने लोकप्रिय नहीं रहे जो भाजपा को 2023 में सत्ता के सिंहासन पर पहुचाने का कारण बन सके ? वें कौनसे कारण है जो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के चेहरे को परिवर्तन किये जाने की हवा दे रहे है ? शिवराज के बाद कौन होगा 2023 में भाजपा का एमपी में मुख्यमंत्री का चेहरा ? इन सवालों के जवाब ढूंढ़तें वक्त मध्यप्रदेश की सियासत में शिवराज के उदय होने और सफल होने की कहानी जान लेना भी जरूरी है। लंबे समय तक एमपी के राजनैतिक आकाश में ध्रुवतारे की मानिंद अपनी रोशनी से बीजेपी को सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ रखने ओर प्रदेश की जनता के मर्म को समझकर, मामा का रिश्ता जोड़कर भाजपा को सफलता-दर-सफलता दिलाने वाले शिवराज सिंह चौहान के विकल्प की तलाश इतनी आसान भी नहीं है, जितनी चर्चाओं में सुनाई दे रही है। प्रदेश में चेहरे परिवर्तन के कयास इससे पूर्व भी लगे जो निराधार साबित हुए। दरअसल एमपी भाजपा में शिवराज चौहान की राजनीति अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू होतें हुए भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पांच बार लोकसभा सदस्य ओर चौथी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज शिवराज ने एमपी की 29 लोकसभाओं ओर 230 विधानसभाओं को घुमा है। हर जिले तहसील के पार्टी कार्यकताओं को वें नाम से जानतें है। प्रदेश के सामाजिक और जातीय गणित से परिचित है। बरसों उन्होंने प्रदेश में भाजपा के संगठन को मजबूत किया है। मजबूत सांगठनिक क्षमता के बल पर मध्यप्रदेश को भाजपा का गढ़ बनाने में सफलता प्राप्त की है। एमपी 2003 के विधानसभा में भाजपा की सरकार बनाने में कढ़ी मेहनत करने वाले शिवराज सिंह ने 2008 और 2013 में अपने दम पर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में बहुमत से कम 109 विधानसभाओं में विजयी का परचम लहराया। सरकार कमलनाथ के नैतृत्व में बनी 15 महीने चलने के पश्चात कांग्रेस में जारी आंतरिक कलह कमलनाथ सरकार के पतन का कारण बन गयी। शिवराज चौहान राजनीति में कर्मठता के साथ किस्मत के भी धनी है। 2020 में वह चौथी बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए। लोकसभा चुनाव 2014 में देश मे मोदी मैजिक भले चल रहा हो, किंतु प्रदेश में 27 लोकसभा शिवराज के करिश्मे के बल पर भाजपा जीत पाई थी। 2019 में भी शिवराज सिंह की सांगठनिक क्षमता के बल पर कमलनाथ सरकार के होते हुए भी 28 लोकसभा सीटों पर विजय होना शिवराज की विराट सफलता मॉनी जाना चाहिए। राजनीति के इस आम से लगने वाले

> इन सवालों के जवाब ढूंढ़तें वक्त मध्यप्रदेश की सियासत में शिवराज के उदय होने और सफल होने की कहानी जान लेना भी जरूरी है। लंबे समय तक एमपी के राजनैतिक आकाश में ध्रुवतारे की मानिंद अपनी रोशनी से बीजेपी को सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ रखने ओर प्रदेश की जनता के मर्म को समझकर, मामा का रिश्ता जोड़कर भाजपा को सफलता-दर-सफलता दिलाने वाले शिवराज सिंह चौहान के विकल्प की तलाश इतनी आसान भी नहीं है

चरित्र का जमीनी जुड़ाव गहरा है। बहरहाल चर्चा मध्यप्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बदलने की है। जिसके पक्ष में यह तर्क दिए जा रहें है कि वें प्रदेश में फैले सरकारी भष्ट्राचार पर लगाम नहीं लगा पाए है। बेरोजगारी की समस्या पर भी सरकार का नियंत्रण खत्म सा हो गया। प्रदेश में अपनी चौथी पारी में उनकी सांगठनिक पकड़ कमजोर पड़ गयी है। प्रदेश की सरकार अफसरों के भरोसे चल रहीं है। मंत्री, विधायकों, सांसदों से अधिक ताकतवर जिले के कलेक्टरों को बना दिया है। सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर प्रदेश सरकार से नाराज चल रहे है। मंचों से अधिकारियों, कर्मचारियों का फिल्म नायक की तर्ज पर निलंबन भी सरकारी कर्मियों की शिवराज के प्रति नाराजगी का कारण है। शायद परिवर्तन के पक्ष में सबसे बड़ा तर्क यह भी हो सकता है कि प्रदेश में नए मतदाताओं में शिवराज के चेहरे का आकर्षण दिनों-दिन कम होता जा रहा है। उनकी मंचीय घोषणाएं जमीनी स्तर पर क्रियान्वित नहीं हो पा रही हैं। इन सब कारणों से सत्ता विरोधी वातावरण बन गया है। जिसे नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय नए चेहरे को सीएम बनाकर 2023 के चुनावी मैदान में उतरने से पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिल सकता है। आलाकमान के सामने शिवराज के विकल्प के तौर पर अब ज्योतिरादित्य सिंधिया सबसे मजबूत दावेदार है जिसका कारण उनका बेदाग, ऊर्जावान ओर युवा होना है। प्रदेश के युवा मतदाताओं में सिंधिया का चेहरा आकर्षण का केंद्र बन सकता है। इस रेस में मप्र के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी बने हुए है। उनकी आक्रमक शैली जनता को आकर्षित कर रहीं है। प्रदेश में उन्हें बोलडोजर मंत्री के रूप में खूब सुर्खियां मिल रही है। नरेंद्र सिंह तोमर, बीड़ी शर्मा भी इस दौड़ में शामिल है। भाजपा आलाकमान को यह भी एहसास है कि

प्रदेश में आदिवासी वोट बैंक किसी की भी सरकार को बना बिगाड़ सकता है। गुजरात चुनाव में आदिवासी मतदाताओं का भाजपा की तरफ झुकाव ऐतिहासिक विजयी का कारण बना इस लिहाज से मध्यप्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री चेहरा भी सामने आ सकता है। आलाकमान ने भाजपा की केंद्रीय समिति से कुछ समय पूर्व शिवराज को हटा कर अपनी नाराजगी के संकेत भी दे दिए थे। चेहरे परिवर्तन के यह कयास कितने सच के करीब है या हर बार की तरह से महज कयास ही साबित होगें।

किंतु राजनीति के जानकारों का कहना है कि प्रदेश में 2023 के विधानसभा के चुनाव में विजयी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। देश के हृदय प्रदेश पर भाजपा किसी भी स्थिति में अपनी सत्ता काबिज रखना चाहेगी। इस हेतुक को पूरा करने के लिए पुराने पड़ चुके शिवराज को बदलने में भी केंद्रीय नैतृत्व कोई गुरेज नहीं करेगा। नई सम्भावना को तलाशना वर्तमान बीजेपी की महत्वपूर्ण विशेषता बन गयी है।

झुकता वही है जिसमें रिश्तो की फिक्र होती है

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर हमने कई बार अनेक मुल्कों के बारे में सुने हैं कि दुनिया भर से बेज्जती होने के बाद भी झुकता नहीं, यूक्रेन रूस युद्ध में भी हम सुनते हैं कि इतने महीनों से युद्ध चल रहा है पर कोई झुकने के लिए तैयार नहीं, वैसे ही वैश्विक नेताओं, पार्टियों सहित हाई लेवल स्तरपर भी हमें सुनाई देता है कि कोई झुकने के लिए तैयार नहीं!! परंतु यदि हम भारतीय संस्कृति की बात करें तो हमें पीढ़ियों से सिखाया गया है कि थोड़ा झुककर चलो। बड़े बुजुर्गों के दायरे दायरे में अदब से चलेनें झुकने से यदि किसी का भला होता है तो झुकना ही बेहतर है, ऐसे सकारात्मक विचार हम भारतीयों के हैं, जिसे देखकर दुनिया भी भारत को अमूल्य संस्कृति का धनी मानती है। इसी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए किसी ने बहुत सुंदर ही लिखा है, झुकता वही है, जिसमें रिश्तो की फिक्र होती है। थोड़ा झुकने से अगर रिश्ता टूटने से बचता है तो झुकना ही बेहतर है, बिल्कुल सही विचार है। क्योंकि झुकने से नुकसान से कई गुना अधिक फायदा है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से इसपर चर्चा करेंगे कि मनमुटाव झगड़ा भेदभाव,परेशानी कलह इत्यादि परेशानियों का सबसे सटीक हल झुकना है।

साथियों बात अगर हम मनुष्य के जीवन में रिश्तों की करें तो,मनुष्य जीवन रिश्तों से जुड़ा हुआ है। रिश्तों के कारण ही मनुष्य जीवन में आगे बढ़ने की, सफलता पाने की, शिक्षित होने की, कार्य करने की इच्छा रखता है। यदि रिश्ते मधुर हों तो जीवन सुखमय व खुशहाल बन जाता है, किंतु रिश्तों में खटास आते ही व्यक्ति भी टूट जाता है। रिश्ता आखिर बिगड़ता क्यों है? इसके पीछे व्यक्ति का अहं, सोच व उसका व्यवहार ही जिम्मेदार होता है। एक विशेषज्ञ का मानना है कि मानना है कि रिश्तों को बिगाड़ने में 50फीसदी से ज्यादा कारण असंयमित भाषा अकड़ और झुकने से इनकार होता हैअध्यात्म और शांति के साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों के रिश्ते बेहद सफल होते हैं। रिश्ते निभाना झुकना भी समझौतों का ही दूसरा नाम है। रिश्ते केवल खून के ही नहीं होते, भावनात्मक भी होते हैं। कई बार भावनात्मक रिश्ते अटूट बन जाते हैं, क्योंकि उनमें प्रेम, सामंजस्य, धैर्य, ईमानदारी का साथ होता है। इसलिए इन्हें निभाने के लिए झुकना सबसे सटीक मंत्र है।

साथियों बात अगर हम व्यस्त जिंदगी में रिश्ते बचाने के लिए झुकने के अस्त्र की करें तो, आजकल जिंदगी बहुत ही व्यस्त हो गईं हैं। हर इंसान जैसे भाग रहा हैं, सभी में एक दूसरे को पीछे छोड़ने की होड़ सी लगी हुई हैं। माना समय बदल गया है, लोग शिक्षित हुए हैं, सुख सुविधाओं का विकास हुआ है, उच्च स्तरीय रहन सहन का स्तर बढ़ा है परंतु हम आज कही ना कही अपने रिश्तों की अहमियत खोते जा रहे हैं। अब तो रिश्ते एक दिखावा बनकर रह गए हैं, रिश्तों में प्यार, लगाव लगभग खत्म हो गया है इसका एक मुख्य कारण एकाकी परिवार और झुकने की भावना का अभाव का होना भी है। संयुक्त परिवार अब कम ही रह गए हैं, जो रिश्तेदारों से घर भरे रहते थे वो अब खाली हो गए हैं और अकड़ में बेतहाशा वृद्धि हुई है। पहले रिश्तों में जो आपसी जुड़ाव था वो अब मात्र औपचारिक हो गया है। काम की तलाश में, पैसा कमाने की होड़ में हम अपने कीमती रिश्तों को भुला रहे हैं यह सही नहीं है। अब तो माँ-बाप का रिश्ता भी एक बोझ लगने लगा है बच्चे उन्हें छोड़कर दूसरे शहरों में या विदेशों में रहने लगे हैं। रिश्तों में सहनशक्ति झुकने की प्रथा खत्म हो गई हैं हर कोई सिर्फ खुद में ही खुश रहना पसंद करते हैं। प्रगति के दौर की यह एक बड़ी चुनौती है जिसे सुलझाने की कोशिश सभी को करनी चाहिए।

साथियों इसका कारण है आवश्यकताएं बढ़ना। तृष्णा बढ़ना, भोग की अभिलाषा बढ़ना। व्यक्ति की आवश्यकता बढ़ती है तो लोभ बढ़ता है। लोभ बढ़ता है तो व्यक्ति दूसरों से चाहने की उम्मीद करता है।आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये जी तोड़ मेहनत करता है और रिश्तों के लिये समय नही दे पाता है। अपने मे ही आवश्यकताओं के उपभोग की सोचता है। इसलिये एकल परिवार को प्राथमिकता दे देता है, किसी भी बात पर झुकने के लिए तैयार नहीं होता इस तरह अपने ही लोगों के स्नेह से दूर हो जाता है।ग्रामों में लोगों की आवश्यकता कम थी तो उनके पास लोगों से मिलने के लिये समय था। अब आवश्यकता बढ़ गई तो मिलने के लिये समय कम हो गया।परिवारों में जब से पैसे बढे है भौतिकता आ गई तथा परिवार छोटे होने के साथ ही रिश्तों में भी दूरी आ गई। पहले परिवार बड़े थे तो रिश्ते भी होते चाचा, ताऊ, मौसी भी होते थे तो झुकने का गुण भी स्वाभाविक रूप से रहता था अब जब परिवार में एक या दो ही बच्चे होंगे तो बच्चा परिवार की ऐमियात किस प्रकार जानेगा। उसके लिये उसके दोस्त ही परिवार होंगे। साथियों बात अगर हम लड़ाई झगड़े,आपसी मतभेद मिटाने के अस्त्र की करें तो झुकना सबको प्रेम प्रगाढ़ करने का सटीक मंत्र है। लड़ाई झगड़ा खत्म करने का सबसे बढ़िया तरीका है, झुकना और चुपचाप हो जाना बेहतर तरीका है लड़ाई झगड़ा खत्म कर देने का क्योंकि जितना हम शब्द बाण चलाएंगे उतना ही वाद विवाद को बढ़ावा देंगे क्योंकि यह आग में घी डालने का काम करता है जिससे आग भड़कती ही है ! मौन होकर उस स्थान से दूर चले जाएं या झुक जाएं, अपने कार्य में संलग्न हो जाए जिससे कि आपका दिमाग वहां से हटकर मूड फ्रेश करने में मदद करेगा एवं तनाव खत्म हो जाएगा निश्चित ही आजमाया हुआ फामूर्ला ?अक्सर लड़ाई व झगड़े आपसी मतभेद के कारण होते हैं, जो ज्यादातर अस्थायी भावों से उत्पन्न होते हैं। जिसके कारण एक छोटी सी बात की वजह से जिंदगी भर दो व्यक्तियों के रिश्तों में खटास पड़ जाती है और कुछ लोगों के लिए यह इतना बढ़ जाती है कि वे एक दूसरे को खो देते हैं। लड़ाई एवं झगड़ा खत्म करने का सबसे सही तरीका है कि जब आपको लगे की आपके और सामने वाले में मतभेद इस हद तक बढ़ गया है कि सामने वाला आपकी बात तक नही सुन रहा है, तब आप झुक जाए या चुपचाप उससे बात करना बंद कर दें और परिस्थिति के हिसाब से कुछ दिन या कुछ घण्टे बाद उससे बात करें। गलती न होते हुए भी उससे माफी मांग ले व उसे बताये की वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। कुछ उदहारण देकर उसे समझाये की मतभेद का हल लड़ाई झगड़े से नही बल्कि शांति से बात करने से होगा। लड़ाई झगड़े के परिणामों का आंकलन करके उसको बताएं। उम्मीद है कि ऐसा करने से लड़ाई खत्म हो जाये।

मुफ्त अनाज: बहुत अच्छा लेकिन...?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

देश के 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और लगभग 25 लाख पूर्व सैनिकों को पेंशन में फायदे की घोषणा सरकार ने की है, उसका कौन स्वागत नहीं करेगा? ऐसी घोषणा अब से पहले किसी सरकार ने की हो, मुझे याद नहीं पड़ता। पिछली सरकारों ने संकट-कालों में तरह-तरह की रियायतों की घोषणाएं जरूर की हैं लेकिन 80 करोड़ लोगों को साल भर तक 35 किलो अनाज मुफ्त मिलेगा, यह बहुत बड़ी सौगात है। कोराना-काल के दो वर्षों में भी सरकार ने असमर्थ लोगों को एकदम कम दाम पर अनाज देकर काफी मदद पहुंचाई थी लेकिन अब उन्हें भी वह अनाज मुफ्त मिला करेगा।

आप यह पूछ सकते हैं कि इतना अनाज सरकार मुफ्त में बांट देगी लेकिन वह इसे करेगी कैसे? इस समय सरकारी भंडार में लगभग 4 करोड़ टन अनाज भरा पड़ा है। उसे अपने लोगों का पेट भरने के लिए विदेशों के आगे झोली फैलाने की जरूरत नहीं है। इंदिरा गांधी राज के वे दिन अब नहीं रहे, जब भारत को पी.एल. 480 गेहूं अमेरिका से आयात करना पड़ता था। उन दिनों सैकड़ों लोग अकाल के दौरान मौत के शिकार हो जाते थे। आजकल भारत अनाज का बड़ा निर्यातक है। उसने कुछ पड़ोसी देशों को 50-50 हजार टन गेहूं भी भेंट किया है।

इस बार सरकार मुफ्त अनाज वितरण पर 2 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी लेकिन इस सरकारी उदारता पर मेरी प्रतिक्रिया यह है कि जरूरतमंद लोगों को बिल्कुल मुफ्त अनाज देने की बजाय पहले की तरह उसकी कीमत 5-7 रुपये प्रति किलो जरूर रखी जाए वरना इस उदार रियायत पर वह कहावत लागू होगी कि माले-मुफ्त, दिले-बेरहम! इस अनाज पर तरह-तरह का भ्रष्टाचार होगा।

लोग इसे इकट्ठा करेंगे और बाजार भाव पर बेचेंगे। अफसरों, व्यापारियों और दलालों की मिलीभगत इसे वास्तविक गरीबों तक पहुंचने ही नहीं देगी। मुफ्त अनाज की तरह भारत में चिकित्सा और शिक्षा भी मुफ्त होनी चाहिए लेकिन उस पर भी नाम-मात्र का शुल्क जरूर रखा जाना चाहिए। यदि देश के असमर्थ लोगों को अनाज, शिक्षा और चिकित्सा लगभग मुफ्त मिलने लगे तो अगले दस साल में भारत को महासंपन्न और महाशक्तिशाली बनने से कोई रोक नहीं सकता। जो सरकार ये तीनों चीजें असमर्थ जनता को सुलभ करवा देगी, उसे दशकों तक कोई हटा नहीं सकता।

(लेखक, भारतीय विदेश परिषद नीति के अध्यक्ष हैं।)

झूठ के हाईवे पर आम आदमी

डॉ. सुरेश कुमार

बगलें झाँकने वाले अक्सर बगलों में कुछ न कुछ दबाए घूमते रहते हैं। हमारे रंगीलाल कुछ इसी किस्म के हैं। ज्यादातर समय वो अपनी बगल में खबरों का पुलिंदा यानी अखबार लिए घूमते रहते हैं। एक बार मैं उनसे पूछ बैठा अमां इन बगलों में अखबार दबाए यहाँ-वहाँ क्यों घूमते रहते हो? एक जगह बैठते क्यों नहीं? रंगीलाल थोड़ा अकड़कर बोले- मियाँ हमारा मजाक न उड़ाओ। हम आपकी तरह मक्खियाँ मारने का काम नहीं करते। हम तो तबीयत और दुनिया दोनों की सोचते हैं। मैं उन्हें समझाने लगा - अरे मियाँ आप तो खामखा बिगड़ गए। मैंने तो बस यूँ ही पूछ लिया। वैसे भी अब के अखबार में पहले जैसी बात नहीं रही। अब तो अखबार अखबार नहीं किन्हीं उद्योगपतियों के कोठे की तवायफ लगती हैं। तवायफ भी ऐसी कि सिर्फ अपने मालिकों को खुश करने में मरी जाती हैं। हर पल उनके इशारों पर नाचती फिरती हैं। मैं तो कहता हूँ कि जो अखबार दुनिया को सच बताने का दावा करते हैं, वही अपने पहले पन्ने पर दुनिया भर का झूठ परोस-परोसकर देते हैं। अब भला ऐसा झूठ खाने और पीने वालों की क्या हालत होती होगी यही सोचकर हमारी हँसी छूट जाती है। कोठे वाली जिस्मानी तवायफें ज्यादा मेहनत करके कम कमाती हैं, जबकि अखबार तवायफों से भी गिरी होती है, लेकिन कमाई उनसे ज्यादा करती हैं। रंगीलाल बोले झ यह तो नजर-नजर का फर्क है। जो जैसे समझता है वैसी अपनी सोच बनाता है। आधा गिलास पानी किसी के लिए आधा खाली तो किसी के लिए आधा भरा दिखता है।

वामा सारथी, रिजर्व पुलिस लाइन में विशेषज्ञों को पुष्प भेंट कर किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

उन्नाव । कैरियर काउंसलिंग वर्कशॉप का शुभारंभ वामा सारथी की जनपदीय अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा जी पत्नी श्री सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव ने अलग अलग क्षेत्रों से पधारे कैरियर विशेषज्ञों को पुष्प भेंट कर स्वागत के साथ किया। प्रतिसार निरीक्षक श्री राजकुमार मिश्रा ने कार्यक्रम अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा जी सहित विशिष्ट अतिथियों श्री आशुतोष कुमार क्षेत्राधिकारी महोदय नगर, श्री दीपक कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनन्द किया। क्षेत्राधिकारी महोदय नगर द्वारा छात्र-छात्राओं को महान व्यक्तियों के संस्मरणों के माध्यम से प्रेरित करते हुए भविष्य संवारने के गुर सिखाये और एकलव्य की तरह लक्ष्य प्राप्ति की लगन रखने का सुझाव दिया। क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज द्वारा सिविल सेवा क्षेत्र का परिचय और इसकी प्रवेश परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने हेतु छोटी से लेकर बड़ी बड़ी बातों को बड़ी सहजता से जानकारी देते हुए बच्चों की जिज्ञासाओं पर स्पष्टीकरण दिया। बैंकिग क्षेत्र के विशेष पीएनबी ऑफिसर श्री सत्यजीत जी द्वारा बताया गया कि बैंकिग में सबसे नीचे के स्तर से प्रवेश करने के बावजूद पूरे कार्यकाल में अति उच्च स्तर पर पहुंचने के अवसर लगातार मिला करते हैं। लाइफ सांइस व शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ डा0 आशीष श्रीवास्तव ने जूलॉजी, बॉटनी और बीएड तथा पीएचडी आदि के साथ साथ प्राइमरी से उच्च स्तर तक सहायक शिक्षक से प्रोफेसर स्तर तक शिक्षक बनने के गुर सिखाये। मेडिकल ऑफिसर

डा0 पल्लवी त्रिपाठी ने नीट परीक्षा के फार्म भरने, परीक्षा की तैयारी करने और प्राप्तांको के आधार पर एलोपैथ, डेंटल, होम्योपैथ, आयुर्वेद व यूनानी आदि के चिकित्सक बनने की राह दिखाई। प्रबन्धन विशेषज्ञ डा0 मनोज सिंह सेंगर ने कैट सहित यूनिवर्सिटी और राज्य स्तरीय अनेक एंट्रेन्स एग्जाम की जानकारी देने के साथ ओपन व दूरस्थ शिक्षा प्रगति के द्वारा एक साथ दो उपायों के माध्यम से वैकल्पिक कैरियर बनाने के गुण सिखाये। आईटी विशेषज्ञ मो0 मोहसिन ने कम्प्यूटर साइंस में अनगिनत कैरियर ऑप्शन सॉफ्टवेयर व हॉर्डवेयर इंजीनियर, एनीमेटर, ग्रॉफिक इंजीनियर, ऑर्किटेक्चर आदि पदों के साथ भविष्य संवारने की राह दिखाई। वामा सारथी अध्यक्षा व विधि क्षेत्र विशेषज्ञ श्रीमती इंदिरा जी ने एलएलबी, एलएलएम और पीसीएस जे के माध्यम से अधिवक्ता से न्यायायिक मैजिस्ट्रेट स्तर तक पहुंचने के विभिन्न तरीकों और प्रकर्मों का व्यापक ज्ञान अर्जन कराया। खेल कूद जगत के विशेषज्ञ डा0 अश्विनी कुमार शुक्ला ने डांस स्पोर्ट के माध्यम से ओलम्पिक तक प्रतिभाग करने और फिजिकल एडुकेशन विषय के साथ योग शिक्षा द्वारा प्रशिक्षक बनने का मार्ग प्रशस्त किया। पुलिस फैमिली वेल्फेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) अध्यक्षा उन्नाव श्रीमती इंदिरा जी ने सभी कैरियर विशेषज्ञों और कार्यक्रम व्यवस्थापक प्रतिसार निरीक्षक श्री राज कुमार मिश्र को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । सौकड़ों बच्चों ने कार्यशाला में भाग लेकर अपनी कैरियर जिज्ञासा की संतुष्टि प्राप्त की। कार्यशाला का बड़ा ही रोचक संचालन कैरियर गाइड डा0 मनीष सिंह सेंगर और कार्यक्रम प्रभारी डा0 आशीष श्रीवास्तव ने किया। परिवार कल्याण प्रकोष्ठ से म0मु0आ0 सुरेखा वर्मा, म0मु0आ0 संगीत वर्मा , म0आ0 रत्नेश यादव ने सभी के प्रति आभार जताया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती पुष्पा सिंह, म0आ0 रंजना सिंह, म0आ0 नीरज सिंह आदि सहित पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सलाहकारों ने उपस्थित छात्र छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

फटाफट खबरें

सुरक्षित मातृत्व जांच को जिला अस्पताल आयें गर्भवती महिलायें : एसीएमओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला अस्पताल समेत अन्य स्वास्थ्य इकाईयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान में सैकडों गर्भवतियों की जांच की गई। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार जतारिया ने जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का निरीक्षण किया। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा गर्भवतियों को एएनसी जांच के लिए लाने को आशाओं को निर्देश दिये।

शनिवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार जतारिया ने बताया कि एएनसी जांच को गर्भवतियों को लाने को कहा गया है। जांच में यदि कोई महिला उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली है तो उसे पहले चिन्हित कर लिया जाये, ताकि जोखिम को समय रहते कम करने के प्रयास किये जा सकें। गर्भवती के साथ उसके परिवार को भी समय से पहले जानकारी दी जा सके। आशाओं को निर्देश दिया कि उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं की इंट्री लाल पेन से की जाये। निरीक्षण दौरान जिला अस्पताल में क्षेत्र से आई 14 गर्भवतियों की प्रसव पहले जांच की जा चुकी थी।

उन्होंने गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की जानकारी को गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड, खून और पेशाब की जांच, टीडी के टीके, वजन आदि की जांच की। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर निःशुल्क जांच को प्रसव बाद प्रसूता व नवजात की देखभाल को पीएनसी वार्ड का भी निरीक्षण किया। एनआरसी में भर्ती सुपोषण की जरूरत वाले बच्चों के अभिभावकों से भी स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता अरुण कुशवाहा ने बताया कि चारों एफआरयू में एक सैकडा से अधिक महिलाओं की जांचें की गई हैं। जांच को आई सिद्धपुर-बनाडी की नीलू ने बताया कि उसका दूसरा प्रसव होना है, उसकी जांच की गई है। जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर निःशुल्क जांच होती है।

लोगों की सोंच में बदलाव लाना है स्वच्छता का मूल उद्देश्य : ईओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कामदगिरि स्वच्छता समिति के 49वें अभियान के तहत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में साफ-सफाई की गई। रामायण दर्शन से लेकर यूपी-एमपी सीमा तक सफाई अभियान चलाया गया।

रविवार को नगर पालिका के ईओ रामअचल कुरील ने सफाई अभियान दौरान कहा कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सोंच और स्वभाव में बदलाव लाना ही स्वच्छता का मूल उद्देश्य है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि कामतानाथ परिक्रमा सभी की आस्था का केन्द्र है। उसे साफ और स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता के प्रति खुद जागरूक होकर लोगों को भी जागरूक करें। यहां-वहां गन्दगी न फेंके, उचित जगह पर ही गन्दगी का निस्तारण करें।

स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ्य भारत की कल्पना पूरा करने को सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए। अभियान की ओर से सभी लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि परिक्रमा मार्ग में कचरा न फेंके। अभियान में संजय, साक्षी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, अंजू वर्मा, कृष्णा शुक्ला, राजेन्द्र त्रिपाठी, जानकी प्रसाद, विवेक गुप्ता, सुमित गुप्ता, शुभम, जितेन्द्र केशरवानी आदि ने अभियान में सहभागिता निभाई।

मृत्यु के मंगलमय को जरूरी है भागवत कथा : नवलेश दीक्षित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। श्रीमद्भागवत कथा अष्टोतर शत ज्ञान यज्ञ में भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि आज मनुष्य कर्तव्यों को भूल चुका है। इस संसार में आकर जिस तरह जीने के लिये भोजन की आवश्यकता है उसी प्रकार भजन की भी जरूरत है। भजन का कोई विकल्प नही है। मृत्यु मंगलमय बन जाये, इसलिये भागवत कथा का श्रवण करना चाहिये। उन्होंने मित्रता पर विशेष व्याख्यान देते हुए भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की कथा सुनाई।

रविवार को चित्रकूटधाम स्थित श्रीजी होटल में श्रीमद्भागवत कथा अष्टोतर शत ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर भागवताचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि व्यक्ति अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व के कारण महान बनता है। संसार में व्यक्ति की नहीं व्यक्तित्व एवं चरित्र की पूजा होती है। कथा का विस्तार करते हुये श्रीकृष्ण-सुदामा की अद्भुद मित्रता का वर्णन किया। जीव जब परमात्मा से सब कुछ छोड़कर मिलने जाता है तो प्रभु उसे अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं। सुदामा के निश्छल भाव को प्रभु ने पहचाना और मित्रता को निभाते हुए संसार को संदेश दिया। अंत में राजा परीक्षित को ज्ञान यज्ञ कथा सुनाकर शुकदेव जी ने विदाई लिया। आरती के साथ श्रोताओं के मध्य प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर कानपुर के विद्वान ज्योतिषाचार्य गौरव शुक्ला, बांदा के वैदज्ञ विनोद शुक्ला के नेतृत्व में आए विद्वानों ने श्रीमदभागवत के मूलपाठ का सस्वर गायन कर यज्ञ में आहुतियां दी। कार्यक्रम में यजमान के तौर पर दिल्ली, एमपी, असम, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि प्रांतो के लोग मौजूद रहे।

इस दौरान डा सुरेन्द्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, शंकर जी, राजकुमार अग्रवाल, शकुन्तला, प्रभाकांत पाठक, उपेन्द्र मिश्रा, त्रिभुवन त्रिपाठी, सूर्यवंशी, राम सिंह, अरिमर्दन सिंह, अशोक शुक्ला, अनिल दीक्षित आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने 1 करोड 20 लाख रुपए से बनी गौशाला का किया लोकार्पण

500 गायों के रहने की होगी व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

उन्नाव बांगरमऊ । क्षेत्र के गांव गोपाल पुर भिक्खन में बने 1करोड 20 बीस लाख रुपए खर्च कर गौशाला बनाया गया है। जिसमें 500 गौवंशियों को रहने की पूरी व्यवस्था की गई है। सांसद साक्षी महाराज और बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार द्वारा गाय पूजन कर शुरूआत की गई। सांसद ने गाय के पालने का महत्व बताया गाय के दूध दही घी सबसे बढ़िया माने गए हैं। हर

व्यक्ति को एक गाय जरूर पालना चाहिए हमारी सभ्यता और संस्कृति में गाय को माता कहा गया है। सनातन धर्म में गाय के महत्व को समझा और गाय को देवताओं की श्रेणी में रखा गया है। सांसद ने गाय को भोजन कराया गौशाला स्थल पर पौधारोपण भी किया गया। सांसद ने जटपुर बेल्थरा गांव पहुंच कर नेपियर घास के बारे में जानकारी ली। नेपियर घास को गौवशों के लिए लगवाया गया है। इस मौके पर विधायक श्रीकांत कटियार, सीडीओ ऋषि राज, बीडियो सुरेन्द्र प्रताप, प्रधान संध्या अस्थाना के साथ कई अधिकारी और नेता गण मौजूद रहे।

समूह संचालिका घर में डम्प किये है राशन

एसडीएम ने दिये जांच के निर्देश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मऊ में संचालित एक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ब्लाक मिशन प्रबंधक को सौंपे पत्र में समूह के अध्यक्ष पर गम्भीर आरोप लगाये हैं।

रविवार को शान्ति आजीविका स्वयं सहायता समूह की गुडिया, कंजायनी, संतोषी, सरोज, गीता, गेंदिया ने बताया कि समूह सखी ने एक साल से बैठक नहीं कराई है। योजना संबंधी कोई जानकारी भी नहीं दी जाती है। अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव के साथ गुटबाजी कर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर समूह से लेन-देन कर रहे हैं। आरोप लगाया कि अध्यक्ष ने अपने घर में सूखा राशन डम्प किया है। राशन का वितरण भी नहीं कर रही है। इस बाबत भाजपा की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति सदस्य ममता तिवारी ने एसडीएम को सौंपे पत्र में कहा कि शान्ति समूह की

अध्यक्ष गुडिया देवी के घर में राशन डम्प करने की जानकारी पर घर पहुंची तो वह अभद्रता से पेश आईं। घर का दरवाजा तक नहीं खोला। एसडीएम ने सीडीपीओ को मामले की जांच करने के निर्देश दिये हैं। इस बाबत सीडीपीओ विनय कुमार ने समूह की संचालिका का पक्ष लेते हुए कहा कि कभी भी राशन सीधे केन्द्र में नहीं जाता। पहले समूह संचालिका अपने घर में डम्प करती है। इसके बाद वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि संचालिका के बच्चे को संक्रामक रोग हो गया था। इसके चलते राशन वितरण नहीं किया था। एसडीएम के निर्देश पर केन्द्रों में इसे आज भेज दिया जायेगा। भाजपा नेता के एसडीएम को दिये पत्र की जानकारी तो थी, पर समूह की महिलाओं के पत्र की सीडीपीओ को कोई जानकारी नहीं थी।

सिक्किम में वीरगति को प्राप्त हुए सेना के वीर जवानको सांसद व जिलाधिकारी ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

उन्नाव। सिक्किम में वीरगति को प्राप्त हुए तहसील पुरवा अन्तर्गत के ग्राम पंचायत गुलरिहा के मजरा ककरारी निवासी भारतीय सेना के वीर जवान श्याम सिंह यादव को राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग उ. प्र. रजनी तिवारी, सांसद उन्नाव डॉ. स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज, विधायक पुरवा अनिल सिंह, विधायक सदर, पंकज गुप्ता, विधायक मोहान बृजेश रावत, जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना द्वारा स्थानीय अधिकारियों के साथ घर पहुँचकर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही शहीद वीर सैनिक का राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गॉव ककरारी में नम आँखों से अन्तिम संस्कार किया गया।जिलाधिकारी ने शहीद जवान के पिता सुन्दर लाल यादव, माता शान्ती देवी, पत्नी विनीता देवी एवं 6 वर्षीय पुत्र विवेक उर्फ अमन आदि परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार एवं पूरा जिला-प्रशासन उनके साथ है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक शहीद सैनिक के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करा दी गयी है। तथा शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जायेगी। इसके साथ ही शहीद सैनिक के अन्त्येष्टि स्थल की 250 वर्गमीटर भूमि को शहीद स्मारक बनाये जाने हेतु आरक्षित करा दिया गया है। ज्ञात हो कि 32 वर्षीय शहीद श्याम सिंह यादव 6 जून 2011 को भारतीय सेना में नायक के पद पर भर्ती हुए थे। यादव अपने पिता की चौथी सबसे छोटी संतान थे। इनकी तीन बड़ी बहनें सुमन, सरोज एवं मनोज हैं।

न्यूज झरोखा

चार के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने अभियान के तहत चार लोगों के कब्जे से तीस लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत 57 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

रविवार को मऊ थाने के दरोगा मेवालाल मौर्य की टीम ने शिवभवन पुत्र हीरालाल निवासी सुहेल के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत दबोचकर आबकारी अधिनियम में चालान किया है। मऊ थाने के दरोगा बालकिशुन की टीम ने रामकिशोर उर्फ कल्लू पुत्र नन्हू निषाद निवासी कटैयाखादर के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है।

मारकुण्डी थाने के दरोगा अनिल कुमार की टीम ने छोटू पुत्र देवनाथ कोल निवासी ऐलहा के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब बरामद कर चालान किया है। सीतापुर चैकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने बच्चू यादव पुत्र रामस्वरुप निवासी केवटरा थाना नयागांव सतना मप्र के कब्जे से 32 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

देहरुचमाफी के चन्द्रेश सिंह बने सेना के लेफ्टिनेंट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाडी ब्लाक के देहरुचमाफी गांव के चन्द्रेश सिंह ने भारतीय थल सेना के कमांडेन्ट बनकर इतिहास रचा है। उनके पिता राकेश सिंह भी भारतीय वायु सेना में सार्जेन्ट थे। अब सेवा निवृत्त होकर बैंक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

रविवार को पहाडी ब्लाक के देहरुचमाफी गांव के चन्द्रेश सिंह ने भारतीय थल सेना के कमांडेन्ट बनकर जिले का नाम रोशन किया है। इनके छोटे भाई भी सेना के राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में फिलहाल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अगले वर्ष उन्हें भी थल सेना में स्थायी कमीशन अफसर के रुप में नियुक्ति मिलने के आसार हैं। फिलहाल वह देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। ऐसी उपलब्धियां समाज व राष्ट्र के लिए गौरव का विषय हैं, जिले के लिए भी गौरव हैं। युवा छात्र एवं छात्राओं के लिए प्रेरणादायी हैं। लेफ्टिनेंट कमांडेन्ट चन्द्रेश सिंह को धारचूला पिथौरागढ उत्तराखंड में पहली नियुक्ति मिली है। उनकी उपलब्धि पर जिलेवासियों समेत कम्पोजिट विद्यालय पियरियामाफी के सभी शिक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह, केशव सिंह, पुष्पराज सिंह आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। चन्द्रेश सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

यूथविंग कार्यकारिणी की बैठक करते आप जिलाध्यक्ष।

आप ने घोषित की यूथविंग कार्यकारिणी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अध्यक्षता में निकाय चुनाव को लेकर यूथविंग की हुई बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी के अध्यक्ष युवराज सिंह ने मुख्य अतिथि/प्रान्त महासचिव अंकित सिंह की मौजूदगी में कोई बैठक में कांग्रेस छोडकर आये डा मान सिंह व सपा छोडकर आये शिवप्रकाश सिंह, विनय कुमार, कल्लू खान व गब्बर आदि को सदस्यता ग्रहण कराई। रविवार को आप जिला कार्यालय में हुई बैठक में यूथविंग जिला महासचिव लेसीनाज्ञानचन्दांनी, कोषाध्यक्ष अभय सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, अतुल जाटव, नरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार, सोशल मीडिया गयाशंकर, लाल साहू व अमित साहू को सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाया। लवदीप सिंह, कमलेश सिंह चन्देल, प्रिंस पाण्डेय, सुशील पटेल, विपिन कुमार व रिंकू को जिला सचिव, नगर अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, कमलेश, रंजीत को नगर उपाध्यक्ष, नगर सचिव इन्द्रेश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष धर्मेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष कंचन पटेल, सोनू पटेल, विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट सचिव चंदू पटेल, पहाडी ब्लाक अध्यक्ष गंगासागर द्विवेदी, राहुल द्विवेदी, कुलदीप यादव, राहुल द्विवेदी, कोमल, रणधीर सिंह, श्रीकान्त द्विवेदी, अनिल अवस्थी, अमर प्रकाश, उदित पटेल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। जिला विधानसभा प्रभारी यूथविंग सूरज कुमार व नगर प्रभारी का दायित्व विकास श्रीवास्तव को सौंपा गया।

ब्रिटिश संगीतकार मैक्सी जैज का निधन

वाशिंगटन। ब्रिटिश संगीतकार और डांस ग्रुप (ब्रिटिश बैंड) फेथलेस के प्रमुख गायक मैक्सी जैज का रात 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया । ब्रिटिश बैंड फेथलेस ने ट्विटर पर एक तस्वीर साझा कर मैक्सी जैज के निधन की जानकारी दी। फेथलेस ने ट्वीट में कहा कि हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कल रात मैक्सी जैज की नींद में ही मौत हो गई। वह एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने हमारी जिंदगी को कई मायनों में बदल दिया। मैक्सी जैज ने हमारे संगीत को सही अर्थ और संदेश दिया। उनके साथ काम करना सच्ची खुशी थी। वह शानदार गीतकार, डीजे, बौद्ध, शानदार मंच वक्ता और प्रतिभाशाली थे। प्रिय मैक्स को श्रद्धांजलि। ब्रिटिश बैंड ने प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कई ट्वीट किए। फेथलेस ने लिखा कि सालों से आपने हमें जो प्यार दिखाया है, उसके लिए धन्यवाद। कृपया एक-दूसरे का ख्याल रखें, जैसा कि मैक्स हमेशा कहता था।

दुनिया में कोरोना का खतराःचीन में वेयर हाउस में रखी जा रहीं हजारों लाशें, सरकार डेली केस रिपोर्ट जारी नहीं करेगी

बीजिंग। चीन में कोरोना से हालात बदतर होते जा रहे हैं। इसी बीच रविवार को चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने कहा कि वह आज से कोरोना केसेस की जानकारी नहीं देगा। यानी अब चीन की तरफ से नए कोरोना मामलों और संक्रमण से हुई मौतों का डेटा नहीं दिया जाएगा। हेल्थ एजेंसी पिछले 3 सालों से हर दिन कोरोना केसेस की डेली रिपोर्ट जारी करती थी। चीन में इस महीने के शुरुआती 20 दिनों में 24 करोड़ 80 लाख केस सामने आ चुके हैं। मंगलवार को यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 3 करोड़ 70 लाख केसेस सामने आए थे। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन से लीक हुई रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए।

चाइना कम्युनिस्ट पार्टी पर नजर रखने वाली वाली ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट जेनिफर जेंग ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें कोरोना से मरने वाले लोगों के शवों को देखा जा सकता है। जेंग के मुताबिक, यह वीडियो एक मस्जिद का है। यहां अंतिम संस्कार के लिए 20 दिन की वेटिंग है। जेंग ने एक ट्वीट में बताया है कि बीजिंग के गोदामों में लाशों को स्टोर किया जा रहा है। इसमें वे गोदाम भी शामिल हैं, जहां सूअरों को रखा जाता है। जेन ने कहा कि युक्रैनिंग सब डिस्ट्रिक्ट के एक वेयरहाउस में 15 हजार लाशें रखी हुई हैं।

करता था। चीन में इस महीने के शुरुआती 20 दिनों में 24 करोड़ 80 लाख केस सामने आ चुके हैं। मंगलवार को यहां एक दिन में सबसे ज्यादा 3 करोड़ 70 लाख केसेस सामने आए थे। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन से लीक हुई रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए।

चाइना कम्युनिस्ट पार्टी पर नजर रखने वाली वाली ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट जेनिफर जेंग ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें कोरोना से मरने वाले लोगों के शवों को देखा जा सकता है। जेंग के मुताबिक, यह वीडियो एक मस्जिद का है। यहां अंतिम संस्कार के लिए 20 दिन की वेटिंग है। जेंग ने एक ट्वीट में बताया है कि बीजिंग के गोदामों में लाशों को स्टोर किया जा रहा है। इसमें वे गोदाम भी शामिल हैं, जहां सूअरों को रखा जाता है। जेन ने कहा कि युक्रैनिंग सब डिस्ट्रिक्ट के एक वेयरहाउस में 15 हजार लाशें रखी हुई हैं।

मिकी होथी कैलिफोर्निया के पहले सिख महापौर बने

न्यूयॉर्क। मिकी होथी को सर्वसम्मति से उत्तरी कैलिफोर्निया के लोदी शहर का महापौर चुना गया है, जो शहर के इतिहास में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले पहले सिख बन गए हैं। होथी के माता-पिता भारत से हैं। होथी को नव-निर्वाचित पार्षद लिसा क्रेग ने नामित किया था, जिन्होंने नवंबर में महापौर मार्क चांडलर की सीट से चुनाव जीता था और उन्हें बुधवार की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से उप महापौर चुना गया था। होथी परिषद के पांचवें जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं और पिछले साल महापौर चांडलर के अंतर्गत उप महापौर के रूप में कार्य किया था।चांडलर ने पिछली गर्मियों में घोषणा की थी कि वह फिर से चुनाव नहीं लड़ेंगे। होथी ने ट्वीट किया, ''लोदी शहर के 117वें महापौर के रूप में शपथ ग्रहण कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'' स्थानीय अखबार 'द लोदी न्यूज-सेंटिनल' ने कहा कि आर्मस्ट्रांग रोड पर गुरुद्वारे की स्थापना में होथी के परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान था। इस अखबार के अनुसार होथी ने कहा, ''हमारा अनुभव यूनानी समुदाय, जर्मन, हिस्पैनिक (स्पैनिश भाषी) समुदाय के समान है जो हमसे पहले आए थे।''उन्होंने कहा, ''हर कोई लोदी इसलिए आया क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि परिवार के लिहाज से यह एक सुरक्षित शहर है।



ई-कॉमर्स और जीएसटी में सुधार के लिए एक जनवरी से देशव्यापी आंदोलन करेगा कैट

नई दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ई-कॉमर्स को सुव्यवस्थित करने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कर संरचना के सरलीकरण तथा युक्तिकरण के लिए एक जनवरी से 31 मार्च, 2023 तक बड़े पैमाने पर देशव्यापी आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। कारोबारी संगठन कैट के राष्ट्रीय मंहामत्री प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि तीन साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत ई-कॉमर्स के नियम और नीति नहीं ला पाई है। इसके लिए न केवल केंद्र सरकार, बल्कि राज्य सरकारें भी जिम्मेदार है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

अमेरिका में चक्रवात, 18 लोगों की मौत, 5200 उड़ानें रद्द

वाशिंगटन। बर्फीला तूफान अमेरिका पहुंच गया है। इस 'बॉम्ब चक्रवात' के कारण 18 लोगों की मौत हो गई है। पूरे अमेरिका में बर्फबारी हुई है। सर्द हवा चल रही है। मौसम के आक्रामक तेवर को देखते हुए शनिवार दोपहर तक 5200 उड़ानों को रद्द कर दिया गया ।

कनाडा सीमा के पास मोनटाना के हावरे में तापमान शून्य से 39 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है। विमान, रेल समेत परिवहन सेवाएं बाधित हो गई हैं। कई जगह बर्फ में वाहन फंसे हुए हैं। हजारों लोग हवाईअड्डों पर फंसे हुए हैं। 20 करोड़ लोग यानी देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी कंपा देने वाली ठंड का सामना कर रही है। पूरे अमेरिका

में तूफान को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। देश की ऊर्जा व्यवस्था चरमरा गई है। तूफान से ट्रांसमिशन लाइनों को क्षति हुई है। 20 लाख से अधिक घरों में बिजली गुल है।

दक्षिण अफ्रीका में धमाके से फटा गैस टैंकर, 20 की मौत

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के बोक्सबर्ग शहर में तेज धमाके से एक गैस टैंकर फट गया। आग की तेज लपटों के बीच वहां भगदड़ मच गयी। धमाके में बीस लोगों की मौत हो गयी। कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। जानकारी के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका के गोटैंग प्रांत के बोक्सबर्ग शहर में एक अंडरपास से गैस भरा टैंकर निकल रहा था। अचानक गैस टैंकर अंडरपास में फंस गया। उसे निकालने की मशक्कत के बीच वहां गैस रिसाव शुरू हो गया। गैस रिसाव होने के बीच ट्रक को अंडरपास से निकालने की कोशिश भी चलती रही। इस बीच ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होते ही तेज धमाका हुआ और अंडरपास में गैस टैंकर फटने से आग व धुएं की लपटें आसमान तक देखी गयीं। इस धमाके में कम से कम बीस लोगों की मौत हो चुकी है। भारी संख्या में लोग जख्मी हुए हैं। धमाके के बाद वहां पहुंची पुलिस व अग्निशमन विभाग की टीमें राहत कार्य में लगी हुई हैं। बताया गया कि विस्फोट ओआर टैंबो स्मारक अस्पताल से कुछ मीटर की दूरी पर अस्पताल रोड पर हुआ है। लिक्विड पेट्रोलियम गैस से भरे ट्रक में विस्फोट से आसपास के इलाके तक आग

फैल गयी। ओआर टैम्पो अस्पताल तक आग पहुंचने से मरीजों में अफरातफरी मच गयी। सभी आपातकालीन सेवा एजेंसियों को बॉक्सबर्ग में सहायता के लिए तैनात कर दिया गया है। घटना में बीस लोगों की मौत के अलावा भारी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। इनका इलाज अस्पतालों में चल रहा है। इनमें कुछ की हालत बहुत अधिक गंभीर है, इसलिए मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है।

रूस के वृद्धाश्रम में भीषण आग, 22 बुजुर्गों की जलकर मौत, कई जखमी

मॉस्को। रूस के केमेरोवा शहर के एक वृद्धाश्रम में भीषण आग लग गयी। आग की चपेट में आकर 22 बुजुर्गों की जलकर मौत हो गयी। कई लोग जख्मी हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के केमेरोवा शहर में स्थित एक वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को देखभाल के लिए रखा जाता था। केमेरोवा शहर अत्यधिक ठंडे इलाके में स्थित है। इसलिए यहां के घरों को गर्म रखने के लिए विभिन्न उपकरणों का प्रयोग किया जाता है। लकड़ी से बने दो मंजिला वृद्धाश्रम में शुक्रवार रात घर गर्म करने के लिए हीटिंग स्टोव जलाते समय अचानक तेज आग लग गयी। इमारत की दूसरी मंजिल आग से पूरी तरह जलकर राख हो गयी। हादसे में 20 बुजुर्गों की मौके पर ही मौत हो गयी। कई लोग भी गंभीर अवस्था में हैं।

इस संबंध में केमेरोवा के

बुजुर्गों को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है। इस तरह कुल 22 बुजुर्ग इस अग्निकांड में अपनी जान गंवा चुके हैं। अस्पताल में भर्ती अन्य आपातकालीन सेवा विभाग द्वारा एक वीडियो जारी किया गया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक घर से तेज लपटें उठ रही हैं और पास ही आपातकालीन व सेवा वाहनों की कतार लगी हुई है। इस संबंध में जानकारी दी गयी कि भीषण आग की चपेट में आया वृद्धाश्रम प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत नहीं कराया गया था। इस अवैध बुजुर्ग देखभाल केंद्र में अचानक लगी आग से 22 लोगों को जान गंवानी पड़ी। देर रात तक आग पर काबू पा लिया गया किन्तु बचाव दल लगातार राहत कार्य में जुटा हुआ है। बताया गया कि रूस में बुजुर्गों की देखभाल के लिए बने केंद्रों के लिए पंजीकरण जरूरी है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में पंजीकरण कराए बिना ऐसे केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। प्रशासनिक अमले द्वारा इन घरों का निरीक्षण नहीं किया जाता है, क्योंकि उन्हें आधिकारिक तौर पर निजी संपत्ति माना जाता है। इस घटनाक्रम को लापरवाही मानते हुए जांच शुरू कर दी गयी है।

तिब्बत में मानवाधिकार मामले पर कार्रवाई के लिए चीन ने दो अमेरिकी नागरिकों पर प्रतिबंध लगाया

तिब्बत। तिब्बत में मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर अमेरिका द्वारा की गई कार्रवाई के जवाब में चीन ने दो अमेरिकी नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। धार्मिक एवं जातीय अल्पसंख्यकों से चीन के व्यवहार को लेकर उसका अमेरिका के साथ गतिरोध है। चीन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरकी नागरिकों --टोड स्टीन और माइल्स यू माओचुन तथा उनके परिवार के सदस्यों पर चीन में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।उसने कहा कि चीन में मौजूद उनकी किसी भी संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा और चीन के अंदर उनके किसी भी व्यक्ति या संगठन से संपर्क पर प्रतिबंध रहेगा। नोटिस में कहा गया है कि ये कदम अमेरिका द्वारा ''तिब्बत मानवाधिकार मुद्दे के बहाने'' दो चीनी नागरिकों पर प्रतिबंध लगाने के जवाब में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन इसे ''अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों'' के उल्लंघन मानता है और वह उसी का जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि स्टीन एवं यू ने ''तिब्बत और चीन से संबंधित अन्य मुद्दों पर बहुत गलत ढंग से व्यवहार किया।'' माओ ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि तिब्बत का मामला विशुद्ध रूप से चीन का आंतरिक मामला है और अमेरिका को इसमें हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। चीन के आंतरिक मामलों में बड़े हस्तक्षेप का चीन की ओर से मजबूत जवाब से दिया जाएगा।'' प्रवक्ता ने कहा, ''हम अमेरिका से तथाकथित प्रतिबंधों को वापस लेने और तिब्बती मामलों तथा चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आग्रह करते हैं।''

कैपिटल हिल हिंसा की जांचः ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव से दूर रखने की सिफारिश

वाशिंगटन। अमेरिकी राजधानी वाशिंगटन के सत्ता केंद्र कैपिटल हिल में हिंसा की जांच कर रहे पैनल ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव से दूर रखने की सिफारिश की है। साथ ही ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने की संस्तुति भी की गयी है।

जनवरी 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद डोनाल्ड ट्रंप के हारने और जो बाइडन के जीतने पर अमेरिकी संसद परिसर कैपिटल हिल में हिंसा हुई थी। छह जनवरी, 2021 को बड़ी संख्या में लोग कैपिटल हिल में घुस गए थे और संयुक्त सत्र की कार्यवाही को बाधित कर दिया था। इनमें ज्यादातर ट्रंप के समर्थक थे। उनका आरोप था कि चुनाव में धांधली के कारण ट्रंप हार गए और जो बाइडन जीत गए। हिंसा की जांच के लिए बेनी थॉम्पसन की अध्यक्षता में डेमोक्रेटिक पार्टी के सात और रिपब्लिकल पार्टी के दो सदस्यों सहित नौ सदस्यीय पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने 854 पन्नों की

अपनी जांच रिपोर्ट में सिफारिश की है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आगामी राष्ट्रपति चुनाव में शामिल होने की अनुमति कभी नहीं मिलनी चाहिए। 854 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आपराधिक रूप से 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के वैध परिणाम पलटने की एक व्यापक साजिश रची और अपने समर्थकों को कैपिटल पर हमला करने से रोकने में भी नाकाम रहे।

छह जनवरी, 2021 को बड़ी संख्या में लोग कैपिटल हिल में घुस गए थे और संयुक्त सत्र की कार्यवाही को बाधित कर दिया था। इनमें ज्यादातर ट्रंप के समर्थक थे।

हिंसा की जांच कर रहे पैनल के अध्यक्ष थॉम्पसन ने कहा कि हमारा देश एक हारे हुए राष्ट्रपति को लोकतांत्रिक संस्थानों में हिंसा भड़का कर खुद को एक सफल अत्याचारी में बदलने की अनुमति देने से बहुत दूर आ गया है। पैनल की रिपोर्ट में सांसदों द्वारा एक कानून बनाने की भी मांग की गई है, जिससे विद्रोह में शामिल रहे ट्रंप व अन्य लोगों को किसी भी दायित्व ग्रहण करने से रोका जा सके।जांच समिति ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने, अमेरिका को धोखा देने की साजिश रचने, झूठे बयान देने और विद्रोह भड़काने के आरोपों में मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति भी की है। समिति ने 18 महीने से अधिक चली जांच के दौरान एक हजार से अधिक गवाहों से पूछताछ की और लाखों पन्नों के दस्तावेज खंगाले। ट्रंप के कई करीबी सहयोगियों से लेकर अधिकारियों व दंगाइयों तक से पूछताछ की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप की पहल के बगैर छह जनवरी की घटना नहीं हो सकती थी। विद्रोह ने लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा खड़ा किया और अमेरिकी सांसदों के जीवन को भी खतरे में डाला।

चल रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के केमेरोवा शहर में स्थित एक वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को देखभाल के लिए रखा जाता था। केमेरोवा शहर अत्यधिक ठंडे इलाके में स्थित है। इसलिए यहां के घरों को गर्म रखने के लिए विभिन्न उपकरणों का प्रयोग किया जाता है। लकड़ी से बने दो मंजिला वृद्धाश्रम में शुक्रवार रात घर गर्म करने के लिए हीटिंग स्टोव जलाते समय अचानक तेज आग लग गयी। इमारत की दूसरी मंजिल आग से पूरी तरह जलकर

बुजुर्गों को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से दो की मौत हो चुकी है। इस तरह कुल 22 बुजुर्ग इस अग्निकांड में अपनी जान गंवा चुके हैं। अस्पताल में भर्ती अन्य आपातकालीन सेवा विभाग द्वारा एक वीडियो जारी किया गया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक घर से तेज लपटें उठ रही हैं और पास ही आपातकालीन व सेवा वाहनों की कतार लगी हुई है। आग से 22 लोगों को जान गवानी पड़ी। देर रात तक आग पर काबू पा लिया गया किन्तु बचाव दल लगातार राहत कार्य में जुटा हुआ है। बताया गया कि रूस में बुजुर्गों की देखभाल के लिए बने केंद्रों के लिए पंजीकरण जरूरी है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में पंजीकरण कराए बिना ऐसे केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। प्रशासनिक अमले द्वारा इन घरों का निरीक्षण नहीं किया जाता है, क्योंकि उन्हें आधिकारिक तौर पर निजी संपत्ति माना जाता है। इस घटनाक्रम को लापरवाही मानते हुए जांच शुरू कर दी गयी है।

कर लिया जाएगा और चीन के अंदर उनके किसी भी व्यक्ति या संगठन से संपर्क पर प्रतिबंध रहेगा। नोटिस में कहा गया है कि ये कदम अमेरिका द्वारा ''तिब्बत मानवाधिकार मुद्दे के बहाने'' दो चीनी नागरिकों पर प्रतिबंध लगाने के जवाब में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन इसे ''अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों'' के उल्लंघन मानता है और वह उसी का जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि स्टीन एवं यू ने ''तिब्बत और चीन से संबंधित अन्य मुद्दों पर बहुत गलत ढंग से व्यवहार किया।'' माओ ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि तिब्बत का मामला विशुद्ध रूप से चीन का आंतरिक मामला है और अमेरिका को इसमें हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। चीन के आंतरिक मामलों में बड़े हस्तक्षेप का चीन की ओर से मजबूत जवाब से दिया जाएगा।'' प्रवक्ता ने कहा, ''हम अमेरिका से तथाकथित प्रतिबंधों को वापस लेने और तिब्बती मामलों तथा चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आग्रह करते हैं।''